# शहीदों की प्रतिमाएं तोड़ने पर शहर में उबाल, प्रदर्शन-नारेबाजी

## सपा, कांग्रेस और अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश, फूंका पुतला, बुलडोजर से गिराकर मलबे में डाले गए शहीदों की प्रतिमाओं के अवशेष

### न्यूज ब्रीफ

#### महिला को पीटा, दो भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** हरदोई के थाना पाली के गांव सूरापुर निवासी सुखदेव की पत्नी गुड़िया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 मार्च रात करीब बारह बजे खुटार के गांव रजमना निवासी विवेक कुमार अवस्थी पुत्र राम शंकर अवस्थी उसके दरवाजे पर आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे लात-घुसो, डंडों से मारा पीटा। साथ ही आरोपी का बड़े भाई विश्व मोहन ने जान से मारने की धमकी दी और रुपये की मांग की। बाद में सभी लोग मौके से चले गए। पीड़ित गुड़िया पाली थाने में दोनों सगे भाइयों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

#### सर्राफा पर नकली कुंडल बेचने का आरोप

**खुदागंज, अमृत विचार :** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव परमानंदपुर निवासी मनोज मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने कई वर्ष पूर्व नगर के एक सर्राफा व्यापारी से 12357 रुपये में सोने के कुंडल खरीदे थे। लेकिन जब वह अपने किसी आवश्यक कार्य से उन्हें गिरवी रखने दूसरी दुकान पर गया तो उसने नकली बताते हुए उन्हें लेने से इनकार कर दिय। इसके बाद वह जिसके यहां से कुंडल खरीदे थे, उसके पास गया तो उसने भी नकली बताते हुए वापस लेने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में जांच कर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

#### परामर्श केंद्र में दंपती का कराया समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में महिला परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। परामर्श केंद्र पर 20 पत्रावली की सुनवाई की गई। इसमें एक दंपती का समझौता हुआ। थाना बंडा क्षेत्र के एक दंपति जिनकी शादी 03 वर्ष पूर्व हुई थी। महिला अपने मायके में एक माह से रह रही थी। उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है, जिस कारण वह अपने मायके चली आयी थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई। दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए और विदा किया गया। इस मौके पर काउंसलर शशिप्रभा कौशल, सिपाही बबीता देवी, साकेत आदि मौजूद रहे।

- **डीएम ने एफआईआर व निर्माण संस्था को ब्लैकलिस्ट करने के दिए निर्देश**

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने के मामले ने शहर में उबाल ला दिया है। निर्माण संस्था की ओर से बुलडोजर चलाकर अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां की प्रतिमाएं गिरा दी गईं और उनके अवशेष मलबे में डाल दिए गए। इस घटना के सामने आने के बाद लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखा गया और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी।

विभिन्न संगठनों ने इसको लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सपा, कांग्रेस और अधिवक्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन करते हुए घटना की निंदा की। कचहरी में निर्माण संस्था का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शहीदों का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और प्रतिमाएं तोड़ने की सहमति देने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पूरे मामले में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित निर्माण संस्था के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संस्था को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू होने के भी संकेत मिले हैं। इस घटना को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी सामने आई है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर घटना को घोर निंदनीय बताया और इसे शहीदों के सम्मान के खिलाफ बताया। शहर में लगातार बढ़ते विरोध और आक्रोश के बीच प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है।

इस पूरे मामले पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी नाराजगी जताई है। उन्होंने इसे घोर निंदनीय बताते हुए कहा कि सौंदर्यीकरण के नाम पर शहीदों के सम्मान से खिलवाड़ किया गया है और यह एक गलत मानसिकता को दर्शाता है। दरअसल, सौंदर्यीकरण कार्य के तहत इन प्रतिमाओं को हटाकर नई प्रतिमाएं स्थापित की जानी थीं, जिसके लिए करीब 40 लाख रुपये का ठेका एक एजेंसी को दिया गया था। योजना के अनुसार नई प्रतिमाएं पीछे लगाई जानी थीं, लेकिन संबंधित ठेकेदार ने नगर निगम अधिकारियों को जानकारी दिए बिना रविवार रात बुलडोजर से प्रतिमाओं को हटाने का प्रयास किया, जिससे वे खंडित हो गईं। घटना की जानकारी मिलने पर महापौर अर्चना वर्मा मौके पर पहुंचीं और नगर निगम अधिकारियों से नाराजगी जताई। इस मामले में सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अनीत कुमार त्रिवेदी ने जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जिन वीरों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनकी प्रतिमाओं के साथ इस तरह की लापरवाही जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। सोशल मीडिया पर घटना के वीडियो सामने आने के बाद लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। वीडियो में प्रतिमाओं का मलबा डंपिंग ग्राउंड में पड़ा दिखाई दे रहा है।



कचहरी के पास निर्माण संस्था का पुतला फूंकते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने के मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अनीत कुमार त्रिवेदी ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन वीरों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनकी प्रतिमाओं के साथ इस तरह की लापरवाही जनभावनाओं को आहत करती है। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े वीडियो सामने आने के बाद लोगों में गुस्सा बढ़ गया। वीडियो में प्रतिमाओं का मलबा डंपिंग ग्राउंड में पड़ा दिखाई दे रहा है।



कलेक्ट्रेट में विरोध जताते सपा युवा वाहिनी के पदाधिकारी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम घेरा, जताया विरोध

कांग्रेस ने इसे महान क्रांतिकारियों के बलिदान का अपमान बताते हुए राष्ट्रीय अस्मिता और जनभावनाओं पर आघात बताया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नगर निगम कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया, जिसके बाद सहायक नगर आयुक्त वार्ता के लिए पहुंचे, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं होगी, तब तक कोई वार्ता स्वीकार नहीं की जाएगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि प्रतिमाओं को हटाने के लिए न तो नगर निगम की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया गया और न ही निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया, जिससे यह कार्य मनमाने तरीके से किया गया प्रतीत होता है। उन्होंने मांग की कि यदि कोई प्रस्ताव पारित हुआ है तो उसे सार्वजनिक किया जाए और पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही का नहीं बल्कि शहीदों के सम्मान से जुड़ा है, इसलिए सभी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी और विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए।

### अधिवक्ता समाज और ट्रस्ट ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

शहीदों की प्रतिमाओं के साथ हुई अवमानना को लेकर शहर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शहीदी दिवस के अवसर पर प्रतिमाओं पर बुलडोजर चलाए जाने के मामले ने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया है। इस घटना को लेकर अधिवक्ता समाज और विभिन्न संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है। राष्ट्र स्वाभिमान ट्रस्ट के संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता अशित पाठक ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिन शहीदों के बलिदान से देश स्वतंत्र हुआ, उन्हीं की प्रतिमाओं पर बुलडोजर चलाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रतिमाओं का नहीं बल्कि देश की गौरवशाली विरासत का भी अपमान है।

### कांग्रेस ने मेयर की भूमिका पर उठाए सवाल



कांग्रेस नेताओं ने महापौर अर्चना वर्मा की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना की जानकारी न होना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामजी अवस्थी ने कहा कि शहीदों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस इसके खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगी। प्रदर्शन में हरदोई कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे भी शामिल हुए और उन्होंने चेतावनी दी कि 24 घंटे के भीतर प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक पुन: स्थापित नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी ने कहा कि आंदोलन जारी रहेगा और अगले दिन पड़ोसी जिलों के कांग्रेस कार्यकर्ता भी इसमें शामिल होंगे। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, प्रदेश महासचिव अभय प्रताप सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, अर्चना कटारिया, रफी उल हसन, सईद अंसारी, पूनम पांडेय, बिंदेश्वरी राज, पार्षद तालिब खान, रामखेलावन मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनभावनाओं को आहत करने का लगाया आरोप



इस कार्रवाई को लेकर पार्षदों और नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण और जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। जानकारी के अनुसार प्रतिमाओं को बिना किसी पूर्व सूचना, सार्वजनिक सहमति या सम्मानजनक प्रक्रिया अपनाए हटाया गया, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ गया है। पार्षद रुपेश वर्मा अन्नू ने कहा कि जिन शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए, उनकी प्रतिमाओं के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। पार्षदों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और हटाई गई प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक पुन: स्थापित कराने की मांग की है। पार्षद रामबरन सिंह ने कहा कि शहीदों के सम्मान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान नगर निगम के कई पार्षद मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त बोले- नई जगह सम्मान के साथ लगाई जाएंगी शहीदों की प्रतिमाएं

नगर निगम की ओर से अमर शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़े जाने का मामला सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। नगर निगम कार्यालय के सामने सड़क किनारे स्थापित शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को रविवार रात बुलडोजर चलाकर गिरा दिया गया। प्रतिमाओं के साथ उनके नाम लिखे पत्थरों को भी हटाया गया और पूरा मलबा डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। सोमवार सुबह जब लोगों ने टूटी प्रतिमाएं देखीं तो नाराजगी बढ़ गई और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक बुलडोजर माफियाओं के खिलाफ चलता देखा गया था, लेकिन यहां शहीदों की प्रतिमाओं को ही तोड़ दिया गया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने सफाई देते हुए बताया कि तिराहे पर कम जगह होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती थी, इसलिए प्रतिमाओं को वहां से हटाकर करीब 15 से 20 फीट पीछे स्थापित करने की योजना थी। उन्होंने कहा कि नई जगह पर चार स्टैंड तैयार किए जा चुके हैं।

### सम्मानजनक ढंग से नहीं हटाई गईं शहीद प्रतिमाएं, महापौर सख्त

नगर निगम कार्यालय परिसर में शहीद प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान प्रतिमाएं हटाने के मामले में महापौर ने कड़ा रुख अपनाया है। महापौर की ओर से नगर आयुक्त को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विभाग की ओर से सौंदर्यीकरण के अंतर्गत शहीद प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक हटाकर पुन: स्थापित किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन 22 मार्च की रात कार्यस्थल पर प्रतिमाओं को सम्मानजनक तरीके से नहीं हटाया गया, जिससे वे विखंडित हो गईं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि विखंडित प्रतिमाओं को उचित स्थान पर नहीं रखा गया और प्रतिमाएं हटाने के संबंध में पार्षदों तथा महापौर को भी जानकारी नहीं दी गई, जो गंभीर और आपत्तिजनक है। महापौर ने कहा कि 23 मार्च को शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर इस प्रकार की घटना होना शहीदों का अपमान है और यह पूरी तरह अक्षम्य है। इस घटना से स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। महापौर ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि पूरे प्रकरण में शामिल दोषी लोगों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए।

### शहीद प्रतिमाएं तोड़ने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग उठी

**शाहजहांपुर।** नगर निगम परिसर में शहीदों की प्रतिमाएं अपमानजनक तरीके से हटाए जाने के मामले में सर्व समाज जन कल्याण समिति ने कड़ा विरोध जताया है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज अंसारी ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को पत्र भेजकर घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जेसीबी से प्रतिमाओं को जिस तरह खंडित कर हटाया गया, वह पूरी तरह अस्वीकार्य है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। शाहनवाज अंसारी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो समिति की बैठक बुलाकर आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा।

### शहीद प्रतिमाएं तोड़ने पर सौंपा ज्ञापन

नगर निगम क्षेत्र में शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने के मामले में समाजसेवी नवी सलमान ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहीद दिवस के मौके पर बुलडोजर से प्रतिमाओं को गिराना बेहद शर्मनाक है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अशफाक उल्ला खां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को अपमानजनक तरीके से तोड़ा गया और उनके अवशेष कूड़े की ट्रालियों में ले जाए गए, जो गलत है। उन्होंने कहा कि प्रतिमाओं को सम्मान के साथ कपड़े में लपेटकर हटाया जाना चाहिए था, लेकिन जेसीबी से तोड़कर हटाना शहीदों का अपमान है। समाजसेवी ने मांग की कि इस मामले में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों की जांच कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और ठेकेदार पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि प्रतिमाओं को रात के समय क्यों तोड़ा गया।

## शहीद प्रतिमाओं को तोड़े जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** शहर में टाउन हॉल में नगर निगम परिसर में शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और रोशन सिंह की बुलडोजर से प्रतिमाओं को तोड़े जाने के मामले में मैसर्स फ्लाई इंफ्राटेक कंपनी लखनऊ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

नगर निगम के मुख्य अभियंता आशीष त्रिवेदी ने थाना सदर बाजार में दी गई तहरीर में बताया कि नगर निगम की ओर से टाउनहाल स्थित शहीद प्रतिमा स्थल का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है, जिसमें शहीदों की प्रतिमाओं को नए निर्माणाधीन पैडेस्टल पर शिफ्ट किया जाना है। इस कार्य के लिए नगर निगम की ड्राइंग डिजायान निर्धारित करते हुए ई निविदा करायी गयी थी, जिसमें प्लाई इंफ्राटेक लखनऊ की निविदा स्वीकृत हुई थी। फर्म की ओर से शहीद प्रतिमाओं के पीछे तक सिविल का कार्य कराया जा रहा है। 22 मार्च की रात में शहीद प्रतिमाओं को हटाया गया। विभागीय जांच करायी गयी। जांच में पाया गया कि शहीद प्रतिमाओं को हटाने में फर्म ने गरिमा अनुरूप कार्यवाही नहीं की गयी। बिना विभागीय जानकारी दिए हुए इस प्रकार की घोर लापरवाही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फ्लाई इंफ्राटेक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## स्टेशन पर पुराना डाकघर व जीआरपी भवन ढहाया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सांसद और वित्त मंत्री का डीआरएम के साथ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण के बाद अमृत भारज योजना के तहत निर्माण कार्य में तेजी आयी है। जेसीबी से सर्कुलेटिंग एरिया में पुराना डाकघर को ढहा दिया गया है। इसके अलावा पार्सल घर आदि को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाएगा। सर्कुलेटिंग एरिया को पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन से मिला दिया जाएगा। सांसद अरुण सागर और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने डीआरएम विनीता श्रीवास्तव के साथ रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज, स्वचालित सीढ़ियां, माल गोदाम रोड पर सेकेंड एंट्री और सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्यीकरण कार्य को देखा था। धीमी गति से हो रहे कार्य पर नाराजगी जताई थी।

### न्यूज डायरी

#### उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विद्यालयों के अध्यक्ष व सचिव हुए शामिल



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शिक्षा निदेशक बेसिक एवं राज्य परियोजना निदेशक के आदेश के क्रम में मंगलवार को नगर के संसाधन केंद्र किला पर विद्यालय की प्रबंधन समितियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर के परिषदीय विद्यालयों के अध्यक्ष व सचिव शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि उन्मुखीकरण का अर्थ समिति के सदस्यों अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को उनकी भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और विद्यालय के सुचारू संचालन से परिचित कराना है। प्रशिक्षक मोहम्मद कामिल में बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति सभी विद्यालयों मे गतिशील है।

#### आजाद अधिकार सेना ने सीडीओ का सौंपा ज्ञापन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वंचित रह गए पात्र लाभार्थियों को शीघ्र शामिल किए जाने की मांग को लेकर आजाद अधिकार सेना के नेतृत्व में सैकड़ों गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं प्रभावित परिवारों ने बताया कि वर्ष 2025 एवं वर्तमान सत्र के अनेक ऐसे आवेदन हैं, जिनका नियमानुसार ऑनलाइन पंजीकरण एवं भौतिक सत्यापन पूर्ण हो चुका है, फिर भी उन्हें अब तक आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया गया। इससे गरीब परिवारों में भारी असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शासन द्वारा निर्धारित प्रथम आगत-प्रथम पावत के सिद्धांत का पालन नहीं किया जा रहा है। कई पात्र आवेदन लंबित स्थिति में पड़े हुए हैं। जबकि शासनादेश के अनुसार, आवश्यकता होने पर अतिरिक्त लक्ष्य एवं बजट आवंटन का स्पष्ट प्रावधान मौजूद है। आजाद अधिकार सेना के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश कुमार ने कहा कि जनपद में सैकड़ों गरीब परिवार अपनी बेटियों के विवाह के लिए सरकार की सहायता राशि एवं सामग्री का इंतजार कर रहे हैं।

#### एएसपी ने महिला पुलिस कर्मियों से किया संवाद



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज के तहत एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा ने पुलिस लाइन में रिक्रूट महिला आरक्षियों के साथ जागरुकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने महिला आरक्षियों को कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमा सुनिश्चित करने के लिए विशाखा गाइडलाइंस के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने संवाद स्थापित करते हुए उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया तथा सेवा के दौरान आने वाली चुनौतियों से आत्मविश्वास एवं दृढ़ता के साथ निपटने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मी न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और विश्वास को सुदृढ़ करने में भी अग्रणी भूमिका निभाती हैं। कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

## इंटर कालेज को रक्षा मंत्रालय के अधीन करने की सदन में उठी मांग

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** सांसद अरुण सागर ने ओसीएफ इंटर कालेज बंद होने से छात्र छात्राओं को होने वाली कठिनाइयों का प्रकरण को सदन में उठाया है। उन्होंने नियम 377 के अधीन पत्र देकर मांग की है कि ओसीएफ इंटर कालेज को रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया जाए। जिससे उनके संसदीय क्षेत्र के छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

सांसद अरुण सागर ने कहा कि वह अपने संसदीय क्षेत्र के लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य से जुड़ा हुआ मुद्दा उठा रहे हैं। शाहजहांपुर में ऑर्डिनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री के अधीन संचालित ओसीएफ इंटर कॉलेज एक प्रतिष्ठित संस्थान था, उसके बंद होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि सत्र 2025-26 में छात्रों का अन्य विद्यालयों में स्थानांतरण किया गया, जिससे शिक्षा की निरंतरता प्रभावित हुई। सांसद ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शाहजहांपुर राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे है। जहाँ भारत की साक्षरता दर लगभग 77 प्रतिशत है, वहीं शाहजहांपुर जनपद में यह लगभग 65 प्रतिशत के आसपास है। उच्च माध्यमिक स्तर पर नामांकन एवं गुणवत्ता शिक्षा की उपलब्धता भी सीमित है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय द्वारा इस विद्यालय को पुनः प्रारंभ कर सीबीएसई से संचालित करने तथा केन्द्रीय विद्यालय प्रणाली में शामिल करने का प्रस्ताव अत्यंत सराहनीय है।

सांसद ने बताया कि वर्तमान में जनपद में केवल दो केन्द्रीय विद्यालय हैं, जिनमें सीटें अत्यंत सीमित हैं। उन्होंने सदन में निवेदन किया कि प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करते हुए ओसीएफ इण्टर कॉलेज शाहजहांपुर को रक्षा मंत्रालय द्वारा पुनः प्रारंभ किया जाए, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके।



सांसद अरुण कुमार सागर।

- **सांसद अरुण सागर बोले- शाहजहांपुर के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी**

## कार्य से हटाई गई फ्लाई इंफ्राटेक कार्यदायी संस्था


**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़ने के आरोपों से घिरी मैसर्स फ्लाई इंफ्राटेक कार्यदायी संस्था को नगर निगम ने कार्य से हटा दिया गया है। नगरायुक्त डॉ. विवेक मिश्र ने बताया कि कार्यदायी संस्था को कार्य से बाहर कर दिया गया है। किसी अन्य अच्छी फर्म से इस कार्य को कराया जाएगा। फर्म के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही है। जुर्माना भी लगाया जाएगा। संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने मांग की है कि 24 घंटे के भीतर सभी शहीदों की प्रतिमाओं को पुनः स्थापित कर उनकी गरिमा बहाल की जाए। उन्होंने घटना की मजिस्ट्रियल जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और प्रतिमाएं हटाने के आदेशों को सार्वजनिक करने की भी मांग की।

कांग्रेस ने भविष्य में ऐसे ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने और जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला कांग्रेस कमेटी व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। वहीं सपाइयों ने भी चेतावनी दी है कि दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही नहीं हुई तो 24 घंटे में समाजवादी लोहिया वाहिनी कल से आमरण अनशन के लिए वाध्य होगी। वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने घटना के विरोध में प्रदर्शन किया गया। जिसमें कामरेड राम शंकर लाल ने कहा कि इस घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

### सप्तम कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी – काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।
बीज मंत्र...
**माँ कालरात्रि: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नम:**

### न्यूज ब्रीफ

## खेतों से अवैध बालू खनन करने का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार :** दबंगई में खेतों से बालू खनन का मामला सामने आया है। हटा दलेलपुर गांव के ग्रामीणों ने एक युवक पर उनके खेतों से जेसीबी मशीन के जरिए जबरन बालू खनन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण मंगलवार को रामगोपाल के नेतृत्व में तहसील पहुंचे और एसडीएम सदानंद सरोज से कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बरैंचा गांव का एक युवक नदी किनारे स्थित उनकी जमीनों से अवैध तरीके से बालू निकाल रहा है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि युवक रात के समय लगातार दबंगई के साथ बालू खनन कर रहा है। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग लड़की को भगा ले गया युवक

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक प्रेम प्रसंग के चलते अपने बड़े भाई की नाबालिग साली को बहला फुसलाकर एक माह पहले भगा लाया था। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है और चिकित्सकीय परीक्षण के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा है। बताया गया कि युवक हरदोई जिला के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव से अपनी नाबालिग साली को भगा लाया था। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है, किशोरी को बरामद कर लिया गया है और आरोपी युवक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जाएगा।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

### घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, पुलिस ने तीन आरोपी हिरासत में लिए

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** खुटार के गांव मोहनपुर में संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत हो गई। पुलिस ने गांव पहुंच कर घटना की जानकारी जुटाई और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पीड़ित पिता की तरफ से विवाहित महिला के पति, सास और ससुर सहित पांच आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली और शव पोस्टमार्टम भेज दिया है। घटना के मामले में विवाहित महिला के पति समेत तीन आरोपी पुलिस हिरासत में है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

पीलीभीत के थाना बीसलपुर के गांव मोहम्मदपुर भजा निवासी सत्यदेव ने बताया कि 22 फरवरी, वर्ष 2024 को पुत्री नीतू गंगवार की शादी खुटार के गांव मोहनपुर निवासी पवन वर्मा उर्फ नीटू के पुत्र रचित वर्मा उर्फ इलू के साथ की थी। शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था और हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। इसके बावजूद दामाद रचित वर्मा उर्फ इलू, दामाद का भाई निखिल वर्मा, बहन जूली वर्मा, पिता पवन वर्मा उर्फ नीटू, मां दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। बेटी के ससुरालीजन दहेज में कार व अन्य दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं करने पर

**• पिता बोला- जहर देकर दामाद और उसके परिजन ने की हत्या**

बेटी के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। बाद में दोनों पक्षों के बीच बैठकर पंचायत फैसला भी हुआ।

बावजूद इसके बेटी के ससुराल के लोग दहेज की मांग पर अड़े रहे। पीड़ित पिता सत्यदेव ने बताया कि सोमवार रात को बेटी के



मृतका नीतू।

गांव के लोगों से पता चला कि बेटी की मौत हो गई है। खबर मिलते ही वह परिजनो के साथ अपनी बेटी के घर पहुंचा। जहां घर में बेटी का शव पड़ा हुआ था और उसके परिजन घर से फरार थे। आरोप है कि दामाद ने अपने परिजनों के साथ बेटी को जबरन जहर पिलाकर उसकी हत्या कर दी है। मंगलवार को पीड़ित सत्यदेव की सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम गांव पहुंची और जांच की। नायाब तहसीलदार जगत मोहन जोशी की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम भेज दिया गया। मायके वालों ने बताया कि नीतू की शादी को दो साल हुए थे। उसका एक बेटा श्याम है। पुलिस ने पीड़ित सत्यदेव की तहरीर पर नीतू के पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली। खुटार थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज किया गया है।

**दोनों पक्षों में कई घंटे चली पंचायत, नतीजा शून्य :** नीतू और रचित वर्मा के परिजनों के बीच कई घंटे समझौता होने की पंचायत चलती रही। इसके बावजूद नीतू के परिजनों ने मानने में सफल नहीं हो सके और तहरीर के आधार पर पुलिस ने रचित वर्मा व उनके परिजनों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली। जबकि इससे पूर्व घटना के बाद मंगलवार सुबह से ही दोनों पक्षों में पहले गांव में पंचायत होती रही। बाद में बात नहीं बनी तो दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। यहां भी रचित वर्मा के परिजन, रिश्तेदार नीतू के परिजनों को समझाने में जुटे रहे। बावजूद इसके नीतू के पिता सत्यदेव समझौता के लिए तैयार नहीं हुए और रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने सत्यदेव के दामाद रचित वर्मा समेत तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

### दो दिन पूर्व नीतू ने खाया था जहरीला पदार्थ अस्पताल में इलाज के बाद बची थी जान

चर्चा है कि घरेलू कलह के चलते नीतू ने दो दिन पूर्व भी किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था और जान देने की कोशिश की थी। लेकिन परिजनों ने उसे खुटार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के बाद हालत में सुधार हुआ और जान बच गई थी। लेकिन सोमवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में नीतू की मौत हो गई। उधर, नीतू के पति रचित वर्मा पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का स्पष्ट हो सकेगा कि नीतू की मौत कैसे और किससे हुई है।

### नाती के नाम ढाई एकड़ खेती और 20 लाख की कर रहे थे मांग, नहीं बनी बात

चर्चा है कि नीतू के परिजन अपने नाती श्याम के नाम पर ढाई एकड़ खेती और 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। लेकिन रचित वर्मा अपने बेटे श्याम को ढाई एकड़ खेत व पांच लाख रुपये देने को तैयार थे। लेकिन दोनों पक्षों में लेनदेन को लेकर बात नहीं बनी। इसके बाद आगे की कार्यवाई बढ़ी।

## दो करोड़ की कर चोरी में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसओजी, सर्विलांस टीम और रोजा पुलिस ने जीएसटी की फर्जी फर्म बनाकर दो करोड़ रुपये की कर चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि 28 नवंबर को मोहम्मदी रोड पर जीएसटी के सचल दल अवैध रूप से माल सप्लाई करने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान दो वाहनों को रोका गया था। एक वाहन का चालक केश्वर सिंह और दूसरा चालक नंदलाल को प्रमोद इंटरप्राइजेज के नाम से फर्जी जीएसटी फर्म ई-वे बिल एवं बिल्टी सहित रोका गया था। समस्त अभिलेख फर्जी पाए गए थे।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कुछ आरोपियों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। पुलिस ने मोहम्मदी रोड पर जीएसटी कार्यालय के बाहर से फरार आरोपी पंकज कुमार निवासी भैरहे चौरा जिला देवरिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे एक फोन, एक टैबलेट, 2600 रुपये बरामद किए है। गिरफ्तार करने वाले गैंगस्टर सेल प्रभारी वीरेंद्र कुमार, एसओजी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, उप निरीक्षक जगत सिंह, सागर, मनोज कुमार आदि टीम में थे।

## शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई का निर्वाचन संपन्न



तिलहर में शिक्षक संघ के निर्वाचन के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ शिक्षक।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शाहजहांपुर की ब्लॉक इकाई शाखा तिलहर का निर्वाचन पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार 24 मार्च 2026 को ब्लॉक संसाधन केंद्र तिलहर के सभागार में संपन्न हुआ। निर्वाचन जनपद की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बाबू सक्सेना और कार्यकारिणी सदस्य अजय वर्मा की देखरेख में कराया गया। सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ, जिसकी जांच पर्यवेक्षकों की ओर से की गई। सभी आवेदन पत्र वैध पाए जाने के बाद ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार गंगवार, ब्लॉक मंत्री बृजमोहन सिंह यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष अमर बहादुर, उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, बिजेंद्र सिंह, महेश्वर सिंह, हरिशंकर, उदित कुमार शर्मा, महिला उपाध्यक्ष रंजना शर्मा, संयुक्त मंत्री निर्मल सिंह, शशी प्रभा, संगीता कुमारी, ईश्वरी प्रसाद गंगवार, खुशबू शर्मा, ऑडिटर उषा देवी और मीडिया प्रभारी आशीष सक्सेना को

**• सभी पदों पर एकल नामांकन पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए**

निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यक्रम में जिला संयुक्त मंत्री कमलेश गंगवार ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए संगठन में एकजुटता पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि किसी भी शिक्षक को समस्या होने पर संगठन को अवगत कराएं, उसका समाधान कराया जाएगा। जिला महामंत्री विश्राम सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अंत में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष बृजमोहन सिंह यादव ने सभी पदाधिकारियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में अमर बहादुर, रंजना शर्मा, खुशबू शर्मा, सर्वेश कुमार, तहसीन खां, निर्मल कुमार, संगीता कुमारी, राजेश्वर सिंह, बिजेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, शशी प्रभा, ईश्वरी प्रसाद गंगवार, उदित कुमार शर्मा, भानु प्रताप गंगवार, चंद्रपाल गंगवार, महेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग का कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला गदियाना में दिव्यांग ने मकान में रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली है। वह अकेला रहता था। उसके खिलाफ पहले से मुकदमें दर्ज है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निवासी 35 वर्षीय विष्णु दयाल पैरों से अपाहिज था। वह कमरे में अकेला रहता था। मंगलवार की सुबह आठ बजे तक वह घर से नहीं उठा तो पड़ोसियों ने उसके मकान में जाकर देखा कि उसका

**• शहर के मोहल्ला गदियाना का मामला**

शव रस्सी के फंदे से लटका हुआ है। पुलिस चौकी के दरोगा अक्षर पवार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतार लिया। उन्होंने बताया कि अकेला रहता था। उसके खिलाफ पांच मुकदमें है। मृतक विश्नूदयाल दो माह पूर्व जेल भी गया था। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रेल कर्मचारी के घर से नकदी और सामान चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चोरों ने रेलवे स्टेशन कालोनी में एक मकान का ताला तोड़ दिया और नगदी आदि सामान चुराकर ले गए। रेलवे स्टेशन कालोनी निवासी गौरव कुमार की रात में 12 बजे से सुबह आठ बजे तक ड्यूटी थी। वह अपने मकान में ताला डालकर ड्यूटी पर चले गए थे।

चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़ दिया। चोर 9 हजार रुपये तथा जरुरी सामान चुराकर ले गए है। वह सुबह ड्यूटी से घर पर आए तो जानकारी हुई। रोजा थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बखौरा में युवक की मौत, हत्या करने का आरोप

संवाददाता खुदागंज/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बखौरा गांव में एक युवक का शव कमरे में चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। उसके नाक से खून निकल रहा था। युवक कई साल से बतौर पति के रूप में एक महिला और उसके दो बच्चों के साथ रह रहा था। महिला अपने दो बच्चों के साथ लापता हो गई। मृतक की मां और भाई ने हत्या का आरोप लगाया है।



अनिल सिंह।



पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव बखौरा निवासी 35 वर्षीय अनिल सिंह की शादी हो गयी थी। उसकी पहली पत्नी अपनी सास के साथ मकान में रहती थी। उसकी पत्नी की कोई संतान नहीं थी। वह गांव में एक महिला के साथ बतौर पति के रूप में रहता था। उस महिला के दो बच्चे है। वह कभी अपनी मां के पास रहता था और और कभी उस महिला के घर पर रहता था। सोमवार की शाम अनिल सिंह की मां महिला के घर गई। उसने बेटे को मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा। उसका आरोप है कि वह जब उसके घर पर गयी तो महिला और उसके दो बच्चे घर नहीं थे। उसने बताया कि उसके बेटे के नाक के खून से निकल रहा था और शरीर में खून निकल रहा था। मृतक का भाई सुरजीत भी परिवार वालों के साथ पहुंच गया। उन्होंने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक फोर्स

**• नाक से बह रहा था खून, मृतक के भाई ने लगाया हत्या का आरोप**

के साथ मौके पर पहुंचे। सुरजीत ने बताया कि उसका भाई महिला के पास रहता था और शराब का आदी था। महिला से उसके भाई का आए दिन विवाद होता था। उन्होंने हत्या का आरोप लगाया है। महिला अपने पति से अलग रहती थी। उसका भाई हरिद्वार में काम करता था और कई माह से यही रह रहा था। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पिकअप और बाइक की भिड़ंत में किशोरी की मौत

**अल्हागंज, अमृत विचार:** हुल्लापुर चौराहे पर पिकअप और बाइक की आमने-सामने टक्कर में अंशिका 17 वर्ष की मौत हो गई, जबकि सुधीर कुमार 32 वर्ष निवासी गूलरपुर थाना अमृतपुर और उनका पुत्र विवेक 7 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सुधीर कुमार अपनी साली अंशिका और पुत्र को लेकर करीमनगर शाहबाद जिला हरदोई जा रहे थे, तभी जलालाबाद की ओर से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। मौके पर भीड़ जुट गई और घायलों को एंबुलेंस से फतेहगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां अंशिका की मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस को अभी तहरीर नहीं मिली है।

### कार और ट्रैक्टर ट्राली टकराई

**खुटार, अमृत विचार :** लखीमपुर के थाना मोहम्मदी के गांव मूड़ा गालिब निवासी हरिश्चंद्र पाल का बेटा निर्जल पाल (18) मंगलवार शाम करीब सात बजे खुटार की तरफ से ट्रैक्टर में दो ट्राली जोड़कर पुवायां जा रहा था। उसी समय कस्बा बंडा के गांव देवकली निवासी पूर्व ग्राम प्रधान अनुभव मिश्रा के बेटे शिवांग मिश्रा कस्बा पुवायां से खुटार कार से आ रहे थे। तभी खुटार-पुवायां रोड पर गांव अठकोना मोड़ के पास ट्रैक्टर और कार आमने सामने टकरा गई। इससे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों वाहन चालक बाल-बाल बच गए।

## महिला से पिटाई करने वाले दो भाइयों पर रिपोर्ट

**खुटार, अमृत विचार :** जनपद हरदोई के थाना पाली के गांव सूरापुर निवासी स्वर्गीय सुखदेव की पत्नी गुड़िया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 मार्च रात करीब बारह बजे खुटार के गांव रजमना निवासी विवेक कुमार अवस्थी पुत्र राम शंकर अवस्थी उसके दरवाजे पर आये और गाली-गलौज करने लगे।

विरोध करने पर उसे लात-घुसो, डंडों से मारा पीटा। साथ ही आरोपी का बड़ा भाई विश्व मोहन ने जान से मारने की धमकी दी और रुपये की मांग की।

बाद में उक्त लोग मौके से चले गए। पीड़ित गुड़िया पाली थाने में दोनों सगे भाइयों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## भैंस की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा

**संवाददाता परौर, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला के साथ मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

पुलिस को दी तहरीर में कल्लो बानो ने बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व बम्हनी चौकी निवासी युवक के साथ हुई थी। विवाह के समय मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। दो साल तक सब ठीक-ठाक रहा। आरोप है कि शादी के दो वर्ष बाद से ही ससुराल पक्ष ने दो लाख नकद व एक भैंस की मांग रख दी। पीड़िता

**• तीन दिन के नवजात के साथ घर से निकाला, पुलिस से शिकायत**

का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति, ससुर, सास व ननद द्वारा लगातार मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया जाने लगा। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने पीड़िता को उसके तीन वर्षीय बेटे फरहान और मात्र तीन दिन के नवजात शिशु के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। परिजनों का कहना है कि कई बार समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन ससुराल पक्ष का रवैया नहीं बदला। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध पैथोलॉजी लैब का हो रहा संचालन

**संवाददाता खुदागंज, अमृत विचार :** नगर में कई पैथोलॉजी लैब का अवैध रूप से संचालन हो रहा है, परंतु स्वास्थ्य महकमा इन सबसे अनजान बना हुआ है।

नगर में बड़ी मात्रा में बिना रजिस्ट्रेशन पैथोलॉजी लैब का संचालन किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में जांच के लिए मरीज पहुंच रहे हैं। परंतु कई लैबों में जांच करने वाले कथित लैब टैक्नीशियन भी प्रशिक्षित नहीं हैं। जिसके चलते मरीजों की जांच के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर फैजान ने बताया की कोई भी रजिस्टर्ड पैथोलॉजी लैब संचालित नहीं है। यदि कोई शिकायत होती है, तो मामले में जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति टीम ने बालिका को परिजनों से मिलाया

संवाददाता मिर्जापुर

**अमृत विचार :** थाना मिर्जापुर पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने मानवता और सतर्कता का परिचय देते हुए एक मूक-बधिर बालिका को उसके परिजनों से मिलाकर सराहनीय कार्य किया है।

थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मिर्जापुर के मुख्य चौराहे पर एक मूक-बधिर बालिका संदिग्ध स्थिति में भीड़ के बीच मिली।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों से जानकारी ली तो पता चला कि बालिका न तो बोल पा रही थी और न ही सुन पा रही थी, जिससे वह अपनी पहचान बताने में असमर्थ थी। टीम उसे सुरक्षित थाने लेकर आई, जहां

**• मिर्जापुर के मुख्य चौराहे पर मूक-बधिर बालिका भीड़ में मिली थी**

उसे भोजन कराया गया। इसके बाद बालिका ने इशारों में मोबाइल मांगा, जिस पर उसने अपने पिता का नंबर डायल किया। संपर्क होने पर पता चला कि बालिका का नाम पूजा है, जो थाना कटरा क्षेत्र के ग्राम बैबहा की निवासी है। परिजनों ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते वह घर से नाराज होकर निकल गई थी और वे उसकी तलाश कर रहे थे।

सूचना मिलते ही परिजन थाने पहुंचे, जहां अपनी बेटी को सकुशल देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही पूरी कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## मकान से नकदी समेत जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला ककरा खुर्द निवासी जावेद खान ने बताया कि उसकी बहन लखनऊ अस्पताल में भर्ती है। 22 मार्च को वह बच्चों के साथ बहन नाजमा का हाल-चाल लेने लखनऊ गया था।

वह मकान में ताला बंद कर गए थे। सोमवार की सुबह नौ बजे पड़ोसी ने देखा कि उनके मकान के दरवाजे खुले हुए है। पड़ोसी ने दरवाजे से आवाज लगायी और मकान के अंदर से कोई आवाज नहीं आयी। पड़ोसी ने देखा कि एक कमरे में सामान बिखरा पड़ा हुआ है। उन्होंने फोन करके जावेद खान को बताया कि मकान के ताले टुटे हुए और कमरे में सामान बिखरा पड़ा हुआ है। वह परिवार समेत शाम को लखनऊ से घर पर आए। उन्होंने देखा कि एक कमरे का ताला टूटा हुआ था। अलमारी तथा लाकर का भी ताला टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि अलमारी में 80 हजार रुपये, दो सोने के हार, चेन, अंगूठी, झुमकी, पायल और 80 हजार रुपये रखे हुए थे। चोर नगदी और जेवर चुराकर ले गए है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### ठगों ने जेल भेजने के नाम पर ढाई लाख रुपये ठगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना कटरा के वीरमपुर गांव के राजकुमार ने थाना दी गई तहरीर में बताया कि 20 मार्च की सुबह उसके मोबाइल पर दो बार अलग-अलग नंबरों से काल आई। आरोपियों ने खुद को लखनऊ का पुलिस अधिकारी बताते हुए उसे धमकाया और रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजने की बात कही थी। साथ ही गिरफ्तारी से बचने के लिए रकम की मांग की गयी। आरोपियों के के भेजे गए क्यूआरकोड पर दो लाख 40 हजार रुपये भुगतान कर दिया। दोबारा रकक देने से मना कर दिया। आरोपियों ने उसे गाली देते हुए जेल भेजने को धमकाया। कटरा प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गयी और साइबर क्राइम थाना को जांच के लिए भेज दी गयी है।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लखीमपुर के थाना भीरा के एक गांव की युवती ने रोजा थाना में दी गई तहरीर में बताया कि 10 माह पूर्व रोजा थाना क्षेत्र मोहल्ला चर्च कालोनी निवासी आशीष सिंह शादी का झांसा देकर अपने रिश्तेदार के यहां ले गया था।आरोपी ने दस दिन तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आशीष से कहा कि अब शादी कर लो। आरोपी ने उससे कहा कि उसके पास पैसे खत्म हो गए है। अब रोजा चलकर शादी कर लेगे। आरोपी युवती को रोजा ले आया। पीड़िता ने रोजा में आकर उससे कहा कि अब तो शादी कर लो। आरोप है कि आरोपी शादी के नाम पर टाल मटोल करता रहा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शिवलिंग तोड़ने पर बरेली मोड़ पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बरेली मोड़ के निकट खाटू श्याम मंदिर के सामने शिवलिंग को एक व्यक्ति ने जानबूझकर तोड़ दिया। इस दौरान लोगों में आक्रोश फैल गया और जाम लगा दिया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देकर आधे घंटे बाद जाम खुलवाया।

बता दें कि बरेली मोड़-कांट रोड पर खाटू श्याम मंदिर के सामने कई साल पुराना शिवलिंग था। लोग शिवलिंग की पूजा करते थे। मंगलवार की शाम को लोगों ने देखा कि किसी ने शिवलिंग तोड़ दी है। इस दौरान क्षेत्र के लोग



मंगलवार की शाम बरेली मोड़ पर जाम लगाते हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता।

एकत्रित हो गए। हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शाम को बरेली मोड़ पर पहुंच गए। लोगों ने शिवलिंग को तोड़े जाने पर आक्रोश जताया। इस दौरान लोगों ने स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया। पुलिस चौकी अजीजगंज के दरोगा और सिपाही मौके पर पहुंच गए।

**• हिन्दू युवा वाहिनी ने दी तहरीर, लोगों में आक्रोश**

युवा वाहिनी के पदाधिकारियों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह फोर्स के साथ बरेली मोड़ पर पहुंच गए। उन्होंने समझाकर शांत कराया।

हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने दी गई तहरीर में बताया कि खाटू श्याम मंदिर के सामने शिवलिंग तोड़ दिया। यह कार्य धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है, वाहिनी ने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# प्रधान-शिक्षक मिलकर करें विकास के कार्य

## ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक उन्मुखीकरण कार्यशाला में बोलीं विधायक सलोना कुशवाहा

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं को लेकर ग्राम प्रधान एवं प्रधान अध्यापक की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन एक मैरिज लॉन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा ने किया। प्रज्ञा मिश्रा एवं आशा सक्सेना ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में नन्ही मुन्नी छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, स्वेटर, जूता मोजा एवं स्टेशनरी को धनराशि अभिभावकों के बैंक खाते में भेजना, निपुण भारत मिशन, एसएमसी, बालिका शिक्षा, आउट ऑफ स्कूल बच्चों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ऑपरेशन कायाकल्प आदि पर जानकारी देकर उन्मुखीकरण किया गया।


विधायक सलोना कुशवाहा को स्मृति चिह्न देते हुए बीईओ एवं आरएसएम महामंत्री महेंद्र सिंह।

विधायक सलोना कुशवाहा ने बेसिक शिक्षा विभाग में चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा करते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय में भेजने के लिए प्रेरित करने की बात कही। कहा कि ग्राम प्रधान तथा प्रधानाध्यापक गांव में विद्यालय रूपी मंदिर को सजाने, संवारने और अच्छे तरीके से मिलकर संचालित करें।

- नवोदय में चयनित बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

इस अवसर पर विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक को सम्मानित किया गया। जिला तथा राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने वाले बच्चों तथा नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने विद्यालय में छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु शिक्षकों एवं ग्राम प्रधानों को मिलकर रणनीति बनाते हुए प्रयास करने को कहा।


शिक्षक को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देती हुई विधायक सलोना कुशवाहा। ● अमृत विचार

ग्राम प्रधान अभिभावकों को जागरूक करें, जिससे बच्चे नियमित विद्यालय आएं और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने हेतु टीएलएम प्रदर्शनी लगाई गई।

समापन पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि सलोना कुशवाहा को स्मृति चिह्न देकर आभार जताया। संचालन सुभाष वर्मा एवं अवनीश पाल ने किया।

कार्यक्रम में एआरपी बृजेश कुमार, अमित गुप्ता, पुत्तू लाल श्रीवास्तव, आशा सक्सेना, सुशांत तिवारी, शिखा राठौर, रेनू शुक्ला, अंकित वर्मा, मदनपाल, हिमांशु सिंह आदि ने प्रतिभाग किया।

# मुफ्त स्वास्थ्य मेले में 465 मरीजों का किया उपचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मोतियाबिंद के 10 मरीज चिह्नित नि:शुल्क ऑपरेशन की सुविधा
- जांचों पर छूट और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की दी जानकारी

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से कलान क्षेत्र के ग्राम रुकनपुर में मुफ्त स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 465 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई। इन मरीजों का ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निशुल्क किया जाएगा। शिविर में 138 मरीजों की ब्लड शुगर और लगभग 145 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच निशुल्क की गई। इसके साथ ही 345 मरीजों को नेत्र संबंधी ड्रॉप और अन्य दवाइयों का वितरण किया गया। मरीजों को एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी दिए गए।

स्वास्थ्य टीम और पीआरओ की ओर से लोगों को नियमित जांच कराने के लिए जागरूक किया गया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी गई, जो 200 रुपये में बनता है और एक वर्ष तक मान्य रहता है। बताया गया कि इस कार्ड के माध्यम से ओपीडी पर्चा निशुल्क बनेगा और दवाइयों व जांचों पर 20 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। साथ ही सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून की जरूरत होने पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ भी मिलेगा।

मरीजों को अस्पताल में मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर और मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर का विशेष योगदान रहा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रिव्या सिंह, सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि पटेल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन खंडेलवाल, पीआरओ जितेन्द्र गंगवार सहित पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# मेडिकल कॉलेज में लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय, बंथरा के अंतर्गत संचालित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रुहेलखंड हॉस्पिटल के ब्लड केंद्र में महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान को नमन करते हुए विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अवनीश शर्मा, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर, जिला पंचायत सदस्य कपसेड़ा ध्रुव यादव और मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं डीन डॉ. (कर्नल) रवींद्र नाथ शुक्ला, पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. (कर्नल) राजा चटर्जी ने संयुक्त रूप से भारत माता के वीर सपूतों शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया। सभी ने महान बलिदानियों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर का उद्‌घाटन डॉ. (कर्नल) रवींद्र नाथ शुक्ला ने रिबन काटकर किया।

कार्यक्रम का सफल संयोजन पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. (कर्नल) राजा चटर्जी के कुशल मार्गदर्शन और ब्लड केंद्र प्रभारी डॉ. अश्विनी वर्मा की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. श्यामा राव पवार, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार सिंह, और प्रोमोशन एवं मार्केटिंग प्रभारी इंजीनियर सचिन चौहान की उपस्थिति रही।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में टीबी के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय बंथरा के अंतर्गत संचालित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और "हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं: संकल्प, निवेश और कार्यान्वयन" थीम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।



मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल व छात्र और चिकित्सक। ● अमृत विचार

कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें एमबीबीएस और पीजी छात्रों को टीबी के लक्षण जैसे लगातार खांसी, वजन घटना, बुखार और रात में पसीना आना, संक्रमण के तरीके, आधुनिक जांच विधियां माइक्रोस्कोपी, सीबी-नैट टेस्ट और एक्स-रे तथा उपचार और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। अस्पताल के प्रतीक्षालय में मरीजों और उनके परिजनों के लिए टीबी से जुड़े शैक्षिक वीडियो भी दिखाए गए, जिनमें नियमित दवा लेने और इलाज पूरा करने के महत्व पर जोर दिया गया।

एमबीबीएस 2023 और 2024 बैच के छात्रों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें टीबी के लक्षण, समय पर जांच और मरीजों के प्रति सहानुभूति का संदेश प्रदर्शित किया गया। पैरामेडिकल छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीबी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और समय पर जांच कराने का संदेश दिया।

- विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित टीबी मुक्त भारत का दिया संदेश
- छात्रों को टीबी के लक्षण, जांच और उपचार की दी विस्तृत जानकारी

कार्यक्रम में प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि टीबी उन्मूलन में समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने स्वास्थ्य जागरूकता को टीबी मुक्त भारत की कुंजी बताया। सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने समय पर पहचान और नियमित उपचार पर जोर दिया, जबकि डॉ. पूर्वा सूर ने समाज से कलंक भावना दूर करने का आह्वान किया। टीबी एवं चेस्ट विभाग के डॉ. अर्पित ने टीबी और श्वसन रोगों पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम को संस्थान से बाहर भी विस्तार दिया गया, जहां डॉ. हितिका ने यूएचटीसी शाहजहांपुर और डॉ. अजय अग्रवाल ने आरएचटीसी कटरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजन में डॉ. इंतखाब आलम, डॉ. अदित्य प्रकाश सिंह, अतुल सक्सेना, डॉ. शिवानी गुप्ता और नेहा गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में चेस्ट एवं टीबी रोग विभाग के डॉक्टर डॉ. इरफान, डॉ. शाहजेब, डॉ. रजत, डॉ. भाव्या डॉ. अर्पित, फैकल्टी, छात्र-छात्राओं और पैरामेडिकल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने का संकल्प लिया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय: प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# गैस किल्लत और रवैये से उपभोक्ताओं में रोष

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** गैस की किल्लत और साहब के रवैए से आक्रोश। गैस एजेंसियों पर चल रही केवाईसी प्रक्रिया के चलते उपभोक्ता परेशान हैं।

एलपीजी गैस की किल्लत के बीच एजेंसी संचालकों ने उपभोक्ताओं से केवाईसी की प्रक्रिया शुरू कराई है, गैस सिलेंडर किल्लत से जूझ रहे उपभोक्ताओं को कई-कई दिन एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे आक्रोश पनप रहा है। मार्च माह की शुरुआत से ही खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के चलते एलपीजी गैस की भारी दिक्कत का स्थानीय गैस उपभोक्ताओं को सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार कितने ही दावे करें कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और व्यवस्था उनके नियंत्रण में है, लेकिन गैस एजेंसी पर पहुंचने के बाद पता चलता है कि उपभोक्ता किस तरह एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। गैस एजेंसी पर आज भी उपभोक्ताओं को समझ नहीं आ रहा कि आखिर गैस एजेंसी का उपभोक्ता होने और निर्धारित शुल्क देने की सहमति के बाद भी उन्हें यह शारीरिक और मानसिक कष्ट क्यों झेलना पड़ रहा है। सर्वर खराबी की समस्या आखिर कब तक सुधरेगी।

एजेंसी कर्मचारी सुरेश कुमार ने बताया कि उनके यहां गैस सिलेंडर वितरण में कोई समस्या नहीं है। केवाईसी और सर्वर डाउन की समस्या से काम करने में अड़चन आ रही है।

# जमीन के विवाद में दो समुदायों में संघर्ष, 8 घायल

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नौगमामुवारिकपुर में सोमवार रात करीब 8 बजे जमीन के विवाद को लेकर दो समुदायों के बीच लाठी डंडे, ईंट पत्थर और धारदार हथियार चले, जिसमें एक युवती समेत आठ लोग घायल हो गए।

एक पक्ष से सफिया, जाफर, मुरशाद, नौशाद और दूसरे पक्ष से आरेंद्र, कुलदीप, पिंकू, रामू घायल हुए, जिनमें आरेंद्र की हालत गंभीर बताई गई है। बताया गया कि जमीन का मामला एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है। आम के पेड़ के पास तंबाकू के पत्ते डालने को लेकर विवाद बढ़ा और दोनों पक्ष भिड़ गए। घटना के बाद भूसे की झोपड़ी में आग लगाने की बात सामने आई, लेकिन सीओ जांच में यह दावा गलत पाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिलहर सीओ ज्योति यादव और जलालाबाद सीओ अजय राय ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

थाना प्रभारी शिवदीन बर्मा और परौर थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दर्जन लोगों के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज डायरी



### शिक्षकों से धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान

**शाहजहांपुर, अमृत विचर :** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया की आवश्यक बैठक मंगलवार को रोटी गोदाम विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में 4 अप्रैल 2026 को दिल्ली में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता को पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना अन्यायपूर्ण है। टीएफआई के बैनर तले राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन किया जा रहा है, जिसमें जिले से भारी संख्या में शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्र ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर 4 अप्रैल के धरना-प्रदर्शन में सहभागिता सुनिश्चित करें।

### 87 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, डीएम ने किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले की 87 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जिनमें दो ग्राम पंचायतों को स्वर्ण और 18 को रजत पदक के लिए चुना गया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधानों को महात्मा गांधी की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष तक मानक पूरे करने वाली दो ग्राम पंचायतों को स्वर्ण, दो वर्ष वाली 18 ग्राम पंचायतों को रजत और एक वर्ष तक टीबी मुक्त रहने वाली 67 ग्राम पंचायतों को कांस्य पदक दिया गया। डीएम ने ग्राम प्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि सभी अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी रखें और 15 दिन से अधिक खांसी वाले लोगों को जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजें। सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा ने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बलगम और एक्स-रे जांच की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। कार्यक्रम में डीपीसी सिद्धार्थ गुप्ता, एलटीएलएस सुभाष खन्ना, मोहित कुमार वर्मा, अनिल गिहार, नरेंद्र मिश्रा, रोहित कुमार मिश्रा, आरती सिंह, अतुल मिश्रा मौजूद रहे।

### स्कूल में बुनियादी सुविधाएं नहीं, खतरे में बच्चों की सुरक्षा

**जैतीपुर, अमृत विचार :** सरकार की ओर से विद्यालयों के रखरखाव और शिक्षा पर खर्च किए जा रहे धन के बावजूद ब्लॉक क्षेत्र के कई स्कूलों की हालत खराब है। विकासखंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला देहतमाली में बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण बच्चे असुरक्षित माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विद्यालय में चारदीवारी नहीं होने से आवारा पशुओं का खतरा बना रहता है। फिलहाल बचाव के लिए लकड़ी और जाली लगाकर अस्थायी अवरोधक बनाया गया है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। स्कूल में दिव्यांग शौचालय नहीं बना है। पानी की व्यवस्था के लिए टंकी तो लगी है, लेकिन उसकी टोटियां गायब हैं और टैंक भी टूटा हुआ है। परिसर में गंदगी फैली रहने से स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित है। छात्र संख्या भी कम दिखाई दे रही है। विद्यालय के अध्यापक अरविंद कुमार ने बताया कि यहां दो अध्यापक कार्यरत हैं, जिनमें से एक बीआरसी केंद्र पर प्रशिक्षण में हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय में 53 छात्र पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि कंपोजिट ग्रांट के तहत विद्यालय को 25 हजार रुपये मिलते हैं, जिससे चारदीवारी का निर्माण कराना संभव नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह ने बताया कि कई विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है, जिन्हें कंपोजिट ग्रांट से पूरा करना मुश्किल है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को जानकारी भेज दी गई है।

### गंगा स्वच्छता पखवाड़े में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजित

**कलान, अमृत विचार :** नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा आरएस कान्वेंट पब्लिक इंटर कॉलेज हेतमपुर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अतुल चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया और जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। बालक वर्ग में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चरनोख, मोहनपुर कलुआपुर, हेतमपुर और कासिम नगला की टीमों ने भाग लिया, जिसमें हेतमपुर विजेता और कासिम नगला उपविजेता रही। बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में श्रीदेवी प्रथम, प्रियांशी कुमार द्वितीय और सुरभि कुमारी तृतीय रहीं। विजेताओं को प्रधानाचार्य और जिला इंचार्ज यूपी डास्प शिवम त्रिपाठी ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में मुकेश सिंह परिहार, मुनेन्द्र पाल सिंह यादव, पंकज कुमार राजपूत, नीलेश यादव, प्रदीप यादव, दिनेश चंद्र, सौरभ सक्सेना सहित अन्य का सहयोग रहा।

### पेंशनर्स 25 मार्च को काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ और संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के आवाह्न पर 25 मार्च 2026 को सुबह 10 :30 बजे से रामलीला मैदान खिरनीबाग में पेंशनर्स एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के तहत पेंशनर्स काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाएंगे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे। इसमें 8वें वेतन आयोग में भेदभाव न करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। साथ ही सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए कैशलेस इलाज की नि :शुल्क सुविधा की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन भेजा जाएगा। जिला संयोजक अतुल कुमार गुप्ता ने सभी पेंशनर संगठनों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों और सेवानिवृत्त शिक्षकों से अधिक संख्या में पहुंचकर एकजुटता दिखाने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### छापामारी कर खनन अधिकारी ने सीज किए वाहन

**कादरचौक, अमृत विचार** : ग्रामीणों की सूचना पर खनन अधिकारी गुलशन कुमार ने थाना कादरचौक क्षेत्र के सकरी जंगल में छापामारी की। दो स्थानों से एक ट्रैक्टर में लगी रैपर मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी। वाहनों को सीज कर थाने पर खड़ा कराया गया है। खनन अधिकारी ने बताया कि बिना अनुमति के खनन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### तांत्रिक के कहने पर खेत में दबाई मिठाई, महिला की हालत बिगड़ी

**बदायूं अमृत विचार** : कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मद गंज लालाराम पुत्र नन्हें लाल ने तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी को गांव निवासी तांत्रिक ने मिठाई का डिब्बा दिया था। कहा था उस डिब्बे को घर के बाहर कहीं दबा देना। पत्नी ने ऐसा ही किया और डिब्बे को खेत में दबा आई। आरोप है कि इसके बाद पत्नी की हालत खराब हो गई। परिजनों ने चिकित्सक को दिखाया लेकिन आराम नहीं मिला। महिला का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। लालाराम ने तांत्रिक से बोला तो उसने कहा कि वह सही कर देगा, लेकिन वह लगातार अनसुना कर रहा है। लालाराम ने कहा कि अगर उनकी पत्नी को कुछ भी होता है तो इसका जिम्मेदार तांत्रिक होगा। उन्होंने जांच कराकर तांत्रिक पर कार्रवाई की मांग की है।

### छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल का कारावास

**बदायूं, अमृत विचार** : राशन लेने गई लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने तीन साल की कैद समेत 10 हजार 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी की बेटी दूसरी लड़की के साथ राशन लेने गांव सैजनिया स्थित उचित दर विक्रेता के यहां गई थी जहां से वापस आते समय गांव सैजनिया निवासी अनुज पुत्र टोड़ी ने दोनों लड़कियों को रोककर छेड़छाड़ की। सैजनिया से चुतमरी मार्ग पर सुनसान जगह पर उन्हें खींचकर ले जाने लगा। राहगीरों के आने पर वह भाग गया। दातागंज पुलिस ने 23 सितंबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज की थी।

# बिल्सी में 73.76 करोड़ से बनेगा बाईपास, मिलेगी जाम से मुक्ति

## जाम की समस्या की वजह से विधायक हरीश शाक्य ने शासन को भेजा था प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



कस्बे में लगा जाम ● अमृत विचार


बिल्सी विधायक हरीश शाक्य

**अमृत विचार** : विधानसभा क्षेत्र में बहु प्रतीक्षित बाईपास निर्माण का कार्य अब पूरा होने वाला है। बाईपास के निर्माण के लिए 73 करोड़ 76 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत हो गई है । इससे नगर में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य के प्रयास से यह कार्य संभव हुआ है।

बिल्सी में बाईपास न होने से कस्बे के अंदर हर दिन लंबा जाम लगता था जिससे दुकानदार, व्यापारी, स्कूली छात्र और स्थानीय लोग परेशान होते थे। कस्बा व क्षेत्र के लोग बिल्सी में बाईपास की मांग काफी दिनों से कर रहे थे लेकिन मांग पूरी नहीं हो रही थी। इसके बाद विधायक हरीश शाक्य ने इस मामले को गंभीरता से लिया और मुख्यमंत्री से बात कर समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही इसके लिए धनराशि जारी की जाएगी। इसके बाद सरकार ने बाइपास निर्माण के लिए 73 करोड़ 76 लाख का बजट जारी करते हुए क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा कर दिया।

बिल्सी विधायक के प्रयासों के चलते क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। आने वाले समय में यहां की भौगोलिक स्थिति, सड़कें बेहतर और सुरक्षित नजर आएंगी। लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में सड़क मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नव निर्माण का कार्य लगातार कराया जा रहा है। इस बाईपास के निर्माण की मांग बहुप्रतीक्षित थी। दिन-प्रतिदिन मंडी पर जाम लगा रहता था। इससे व्यापारियों और किसानों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बाईपास निर्माण की अत्यधिक आवश्यकता भी थी ।

उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता में सड़क मार्गों का विकास सबसे पहले है। बाईपास के निर्माण से यातायात सरल और सुगम हो जाएगा तो आम जनमानस को इसका सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर सड़कें, बाईपास होने से लोगों की आवाजाही आसान होगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में जहां-जहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार बनाए रखी जाएगी।

विधायक ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे। अधिकांश गांवों में विकास कार्य कराए जा चुके हैं।

# छठे दिन हुई मां कात्यायनी की पूजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


मां काली के दर्शन करते श्रद्धालु ● अमृत विचार

- मां कात्यायनी शक्ति और साहस की मानी जाती हैं प्रतीक, भक्तों ने मांगी मन्नत
- मंदिरों में पूजा करने के लिए लगी रही भक्तों की भीड़, लगे जगत जननी के जयकारे

**अमृत विचार**: वासंतिक नवरात्र में मंदिरों में भक्ति का माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु दर्शन के लिए मां भगवती के दर्शन करने और पूजा के लिए सुबह शाम हाजिरी लगा रहे हैं। नवरात्र के छठे दिन भक्तों ने मां कात्यायनी की पूजा की। उन्हें शहद और लड्डूओं का भोग लगाया। नगला स्थित मां काली के मंदिर में भक्तों ने मां काली के दर्शन-पूजन किया। सुबह चार बजे मंदिर के कपाट खुलने के बाद माता रानी का शृंगार कर आरती-पूजन की गई। श्रद्धालुओं ने घरों में भी पूजा-अर्चना की। शहर सहित देहात क्षेत्र के देवी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। दिन भर माता के जयकारे गूंजते रहे। शाम को भजन कीर्तन किया गया।

वासंतिक नवरात्र के छठे दिवस माता के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। उन्हें फल फूल और शहर और लड्डुओं का भोग लगाकर आर्शीवाद मांगा। लाल रंग के वस्त्र से माता का शृंगार किया गया। मां कात्यायनी शक्ति और साहस की प्रतीक हैं। कहा जाता है कि मां की पूजा करने से भक्तों को शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है और जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। नगला स्थित शक्ति पीठ मंदिर खुलने से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में ही माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों की कतार लग गई। इस दौरान दुर्गा सप्तशती पाठ, वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन-पूजन माता रानी के जयकारों और घंटों की गूंज से वातावरण भक्तिमय होता रहा। वहीं जालंधरी सराय स्थित मां काली मंदिर में दर्शन-पूजन किया। दर्शन के बाद महिला श्रद्धालु माता के मंदिर परिसर में टोली बनाकर बैठकर भजन कीर्तन भी करती रही। वहीं देहात क्षेत्रों के मंदिरों में भी दिन भर भक्त दर्शन पूजन के लिए जुटे।

## बालाजी जन्मोत्सव की तैयारियां तेज, शोभायात्रा को लेकर रणनीति तैयार

**बिल्सी, अमृत विचार** : नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल सिद्ध पीठ श्री बालाजी धाम के तत्वावधान में श्री बालाजी जन्मोत्सव समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर दरबार के महंत मटरू मल शर्मा कार्यकर्ताओं व भक्तों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में 1 अप्रैल से शुरू होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए।

## थाने पर समीक्षा बैठक कर एसपी देहात ने की पैदल गश्त


पैदल गश्त करते एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया।

**ओरछी, अमृत विचार** : एसएसपी के निर्देश के बाद पुलिस अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण को एक्शन मोड में है। एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया ने थाना फैजगंज बेहटा के कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंन विवेचनाओं में देरी पर नाराजगी जाहिर करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं के निस्तारण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अर्दली रूम के निरीक्षण के बाद उन्होंने एक-एक कर सभी लंबित मुकदमों की प्रगति रिपोर्ट जांची। विवेचकों को हिदायत दी कि विवेचनाओं का निस्तारण समय सीमा के भीतर किया जाए। समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस बल क साथ बाजार में पैदल गश्त की। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए।

# पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने शुरू किया प्रचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- संभावित प्रत्याशी ग्रामीणों के सुख-दुख में हो रहे शामिल, मदद करने का भी दे रहे भरोसा
- आगामी जून-जुलाई में हो सकते हैं पंचायत चुनाव, चुनाव की आहट देख प्रत्याशी फिट कर रहे अपनी गोटियां

**अमृत विचार**: प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने में दो माह का ही समय बचा है। 26 मई को प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। समय पर चुनाव कराने के लिए तैयारी चल रही है। गांवों में पंचायत चुनाव को लेकर माहौल बनना शुरू हो गया है।

प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को पूरा हो रहा है जिसमें में अब कम समय बचा है। संभावित प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। लोगों से संपर्क बढ़ाना शुरू कर दिया गया है। साथ ही अपने समर्थन में आकलन किया जा रहा है। संभावित प्रत्याशी लोगों के सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं। साथ ही, ग्रामीणों को अपना सबसे बड़ा सहयोगी बताते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दे रहे हैं। इसके अलावा गांवों में छोटी-छोटी बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। इस बार पंचायत चुनाव में युवाओं की सक्रियता भी ज्यादा देखने को मिल रही है। कई गांवों में युवा पहली बार पंचायत राजनीति में अपनी भागीदारी की तैयारी कर रहे हैं। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी चुनावी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# संचारी रोग अभियान पर होगा सर्वे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्वास्थ्य विभाग मलिन बस्तियों में करेगा सर्वे
- एक अप्रैल से पहले टीमें गठित करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार** : एक अप्रैल से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान से पहले जनपद में मलिन बस्तियों का सर्वे किया जाएगा। इसके बाद टीम गठित कर अभियान का संचालन किया जाएगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान में दर्जन भर विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे संक्रमण पर नियंत्रण पाया जा सके।

शासन की ओर से हर साल अप्रैल और मई में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाता है। इस साल भी अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान की सफलता को मलिन बस्तियों का सर्वे किया जाएगा। हर गांव कस्बा और शहर में गंदगी वाले स्थान चिन्हित किए जाएंगे जिससे वहां पर प्राथमिकता के आधार पर सफाई अभियान चलाया जा सके। गंदगी को साफ कर वहां मच्छर नाशक दवा और फॉगिंग करायी जा सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया विभाग के संयुक्त निर्देशन में टीम गठित की जाएगी। ये टीमें एक अप्रैल से पहले ही सर्वे करेगी जिससे अभियान चलाने में दिक्कत न हो।

एसीएमओ डा. मोहन झा ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता को लेकर शासन और प्रशासन स्तर से रूपरेखा तैयार की गई है। अभियान की जिम्मेदारी अलग-अलग विभागों को दी जाएगी। प्रत्येक विभाग अपने स्तर से काम करेगा और दिन भर की रिपोर्ट सीएमओ को सौंपेगा।

शहर में करीब आठ स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां टीमें सर्वे करने को पहुचेंगी। इसमें नई सराय, लोटन पुरा, जालंधरी सराय, नाहर खां सराय और मीरा सराय आदि शामिल हैं।

### दातागंज ओर समरेर ब्लॉक में लगेंगी दो-दो टीमें

ब्लॉक दातागंज और समरेर में दो-दो टीमें लगाई जाएंगी जो मलिन बस्तियों का सर्वे करेंगी। इन दोनों ब्लॉक क्षेत्रों में मलेरिया के अधिक रोगी हर साल सामने आते हैं, इसलिए इन दोनों ब्लॉक क्षेत्रों में बड़े स्तर पर काम करने की तैयारी है। इसके साथ ही ब्लॉक जगत में भी सर्वे किया जाएगा। इस ब्लॉक क्षेत्र का दायरा अधिक बड़ा होने के कारण यहां पर भी दो टीमें लगाने का निर्णय लिया गया है।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत


ट्रेन से कटकर युवक की मौत के बाद जानकारी करते चौकी इंचार्ज।

संवाददाता, आसफपुर/ओरछी

- रेलवे लाइन आसफपुर और पुरवा खेड़ा के बीच हुआ हादसा

**अमृत विचार** : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में आसफपुर और पुरवा खेड़ा के बीच ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजनों में चीत्कार मच गई। मृतक के गांव में मातम पसरा रहा।

जिला संभल के थाना कुढ़फतेगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ निवासी राहुल पुत्र रामदास की शादी नहीं हुई थी। परिवार के अनुसार कुछ दिनों से राहुल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी।

## अमृत फार्मेसी की स्थापना को लेकर किया गया एमओयू

**बदायूं, अमृत विचार** : राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ व किफायती बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इसके तहत मंगलवार को कॉलेज प्रशासन व प्रदेश सरकार के मध्य अमृत फार्मेसी केंद्र की स्थापना के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि अमृत फार्मेसी केंद्र के शुरू होने से संस्थान में आने वाले मरीजों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण औषधियां, सर्जिकल इंप्लांट व अन्य आवश्यक चिकित्सीय सामग्री उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पहल मरीजों के उपचार खर्च को कम करने व बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।



# निजी स्कूल हर साल लगा रहे अभिभावकों को 8 करोड़ का चूना

## नो प्रॉफिट नो लॉस की शर्त पर मान्यता लेने वाले स्कूल संचालक भर रहे अपनी झोली, कोर्स में एनसीईआरटी के बजाय निजी प्रकाशकों की किताबें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में निजी स्कूल हर साल अभिभावकों को 8 करोड़ का चूना लगा रहे हैं। नो प्रॉफिट नो लॉस की शर्त पर मान्यता लेने वाले ये स्कूल संचालक अपनी झोली भर रहे हैं। निजी प्रकाशकों को लाभ पहुंचाने और खुद के कमीशन के चक्कर में महंगी किताबें बिकवाई जा रही हैं। निजी स्कूलों में से चार हजार में कक्षा एक और दो का कोर्स बिकवाया जा रहा है। एनसीईआरटी के स्थान पर अभिभावकों से निजी प्रकाशकों की किताबें खरीद कराई जा रही हैं।

बेसिक और माध्यमिक स्कूलों में वार्षिक परीक्षा समाप्त हो चुकी है। परिणाम घोषित करने की तैयारी चल रही है वहीं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा और आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में परिणाम घोषित किए जाने के साथ बच्चों के प्रवेश किए जा रहे हैं। साथ ही बच्चों से पाठ्यपुस्तकों की खरीदारी कराई जा रही है। पाठ्य पुस्तकों के नाम पर निजी स्कूल संचालक अभिभावकों को चूना लगा रहे हैं। उनके द्वारा एनसीईआरटी के स्थान पर निजी प्रकाशकों की किताबों की खरीद कराई जा रही है। यह क्रम इनका पिछले कई सालों से चलता आ रहा है। हर साल निजी स्कूल अभिभावकों को करीब 8 करोड़ की चपत लगा रहे हैं। निजी स्कूलों के द्वारा हर साल की जाने वाली मनमानी से प्रशासन से लेकर शिक्षा विभाग तक वाकिफ हैं। इसके बाद भी कोई कुछ भी न बोलने तो तैयार होता है, और न ही कार्रवाई होती है। यहां तक कि स्कूलों से कोर्स संबंधी जानकारी तक नहीं दी जा रही है।

जिले में करीब 28 सीबीएसई और दो आईसीएसई स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों को बोर्ड की ओर से संबद्धता एवं संचालन की अनुमति नो प्रॉफिट नो लॉस यानि शिक्षा की सेवा करेंगे की शर्त पर दी जाती है। इसके लिए स्कूलों में बायलाज भी बनाया गया है। लेकिन बोर्ड की शर्त एक भी स्कूल पूरी नहीं करता है, बल्कि मनमानी की जाती है। सीबीएसई बोर्ड नियमानुसार स्कूलों में सिर्फ एनसीईआरटी की की पुस्तकें पढ़ाई जानी चाहिए। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी बदलाव कर दिया गया है। साथ ही सभी कक्षाओं का पाठ्यक्रम पूरी तरह से एनसीईआरटी आधारित बदल दिया गया।

इसके बाद भी निजी स्कूल प्रकाशकों को लाभ पहुंचाने और अपने हितों की पूर्ति के लिए अभिभावकों को रह साल करोड़ों रुपए की चपत लगा रहे हैं।

स्कूल निजी प्रकाशकों को लाभ पहुंचाने और खुद के कमीशन के चक्कर में महंगी किताबों से बच्चों को अध्ययन करा रहे हैं। बताया जाता है कि एनसीईआरटी की पुस्तकें नहीं लगने की वजह से निजी स्कूल संचालक अभिभावकों को हर साल करीब 8 करोड़ से अधिक की चपत लगा देते हैं। नए शैक्षिक सत्र को लेकर भी यह क्रम फिर से शुरू हो चुका है। सीबीएसई और आईसीएसई स्कूलों के द्वारा बच्चों से नए शैक्षिक सत्र के लिए किताबों की खरीद करानी शुरू कर दी है। स्कूल संचालक एनसीईआरटी के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों की खरीद पूर्व से चयनित दुकानों से करा रहे हैं।

- स्कूल निजी प्रकाशकों को लाभ पहुंचाने और खुद के कमीशन के चक्कर में बिकवा रहे महंगी किताबें
- निजी स्कूलों में से चार हजार में बिकवाया जा रहा कक्षा एक और दो का कोर्स

### निजी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकों का मूल्य

| | |
|---|---|
| कक्षा-एक | 2000 से 3000 |
| कक्षा-दो | 2000 से 3000 |
| कक्षा-तीन | 2000 से 3500 |
| कक्षा-चार | 3000 से 4000 |
| कक्षा-पांचवीं | 3000 से 4500 |
| कक्षा-छठी | 4000 से 4500 |
| कक्षा-सातवीं | 4000 से 5000 |
| कक्षा-आठवीं | 4000 से 5500 |

### एनसीईआरटी पुस्तकों का मूल्य (अधिकतम)

| | |
|---|---|
| कक्षा-एक | 500 |
| कक्षा-दो | 500 |
| कक्षा-तीन | 525 |
| कक्षा-चार | 575 |
| कक्षा-पांचवीं | 575 |
| कक्षा-छठी | 700 |
| कक्षा-सातवीं | 725 |
| कक्षा-आठवीं | 800 |

सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों के द्वारा कोई भी सूचना अभी तक नहीं दी गई है। जबकि नियमानुसार स्कूलों को पाठ्यक्रम बदले जाने के साथ फीस निर्धारण और ड्रेस कोड बदलने की सूचना देनी चाहिए। सभी स्कूलों से जल्द ही जानकारी मांगी जाएगी। जानकारी न देने वाले स्कूल को नोटिस जारी किया जाएगा।
**लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

### शिक्षा विभाग को नहीं दी जाती कोर्स बदलने की जानकारी

संबंधित बोर्ड के नियमानुसार निजी स्कूलों को कोर्स बदलने से पहले जानकारी शिक्षा विभाग को जानकारी देनी होती है। लेकिन कोई भी स्कूल ऐसा नहीं करता है। इसके अलावा स्कूलों को कौन से पैटर्न पढ़ाया जा रहा है। जिसकी सूची शिक्षा विभाग को देनी होती है। न तो स्कूल ऐसा करते हैं और न ही शिक्षा विभाग हर साल स्कूलों में बदले जाने वाली पाठ्य पुस्तकों की जांच करता है। नतीजा हर साल अभिभावकों की जेब कटती चली जा रही है।

### ऐसे खेला जाता है कमीशन का खेल

जिले में 28 सीबीएसई और दो आईसीएसई के स्कूल संचालित हैं। प्रत्येक स्कूल में औसतन एक हजार बच्चों का नामांकन है। बच्चों की संख्या 30 हजार हो जाती है। मार्च-अप्रैल में सत्र प्रारंभ होने के साथ किताबों की खरीद कराई जाती है। अब अगर एक बच्चा औसतन दो हजार की किताब निजी प्रकाशक की लेता है तो एक वर्ष में छात्रों की संख्या के आधार पर धनराशि करीब छह करोड़ हो जाती है। यह निचली कक्षाओं में किताब खरीदने की राशि है, जैसे-जैसे ऊपरी कक्षा में बढ़ते जाएंगे किताब का दाम भी बढ़ता चला जाता है। ऊपरी कक्षाओं को भी जोड़ लिया जाए तो हर साल निजी स्कूलों के द्वारा करीब 8 करोड़ की किताबों की खरीद कराई जाती है। निजी स्कूलों में छठी-सातवीं में पूरी किताब का सेट पांच से छह हजार रुपये में मिल रहा है। यही अगर स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें चलती तो औसतन 500 से एक हजार में हो जाता है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्कूल संचालक अपनी पूर्ति के लिए निजी प्रकाशक को लाभ पहुंचाते हुए किस तरह अभिभावकों की जेब काटने में लगे हैं।

### 30-40 फीसदी कमीशन पर तय होता है कोर्स

सीबीएसई बोर्ड से संचालित स्कूलों में बोर्ड का पाठ्यक्रम पैटर्न एक समान होता है, लेकिन निजी स्कूलों में पब्लिशर्स राइटर्स की संख्याओं की कोई गिनती नहीं है। लेकिन निजी स्कूलों में सीबीएसई द्वारा निर्धारित पैटर्न का पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाया जाता। हर स्कूल का अपना अलग पाठ्यक्रम है। जितने स्कूल उतने प्रकाशक। एक ही कक्षा, लेकिन स्कूल अलग तो किताब भी अलग। जिले में संचालित केंद्रीय विद्यालय में सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई कराई जाती है। लेकिन इसी बोर्ड से संबद्ध निजी स्कूलों का पैटर्न अलग मिलेगा। केंद्रीय विद्यालय में सभी किताबें एनसीईआरटी की लगी हैं। सातवीं कक्षा के पूरे कोर्स की किताबों का मूल्य लगभग सात सौ रुपए हैं। जबकि निजी स्कूलों में यह तीन से छह हजार रुपए तक का है। एक बुक डीलर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें इसलिए चलाते हैं क्योंकि उन्हें 30 से 40 प्रतिशत कमीशन मिलता है। सत्र शुरू होने से पहले ही दिसंबर से फरवरी के बीच डीलर के एजेंट सब तय कर चुके होते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने मूंगफली- चौलाई सहित भरे तीन नमूने

**बदायूं/ कुंवर गांव, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को शहर सहित देहात क्षेत्र में प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। टीम ने मूंगफली, चौलाई सहित तीन नमूने लिये, जिन्हें जांच के लिए भेज दिया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सीएल यादव ने टीम के साथ शहर के लालपुल स्थित मेसर्स-रिलायंस रिटेल लिमिटेड पर छापा मारा। यहां से कुट्टू आटा व मूंगफली दाना का नमूना लिया गया। कुंवरगांव स्थित मनोज ट्रेडर्स से रोस्टेड से चौलाई का नमूना लिया गया। इन नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया।

### अमर शहीदों की प्रतिमा पर बुलडोजर चलाने का विरोध

**बदायूं, अमृत विचार :** परशुराम चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एक आपात बैठक पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें शाहजहांपुर में नगर निगम के बाहर लगीं काकोरी कांड के शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़े जाने का विरोध किया गया। ओमकार सिंह ने कहा कि कल शहीद दिवस पर शाहजहांपुर में अमर शहीदों की प्रतिमा पर बुलडोजर एक्शन घोर निंदनीय है। सौंदर्य कभी भी शहीदों के मान-सम्मान से बड़ा नहीं हो सकता।

### रामनवमी पर निकलेगी शोभा यात्रा मजिस्ट्रेट नामित

**बदायूं, अमृत विचार :** 26 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। रामनवमी पर्व पर शहर में परंपरागत शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएम ने मजिस्ट्रेट नामित किए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि 26 को रामनवमी का पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति मनाया जायेगा। इस पर्व पर परम्परागत शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा बिरूआवाड़ी मन्दिर से प्रारम्भ होकर टिकटगंज, हलवाई आदि स्थानों से होते हुए रघुनाथ मन्दिर पर पहुंचकर समाप्त होगी।

# दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

- न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, दोषी पर 22 हजार रुपये लगाया जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष नौ की न्यायाधीश मिर्जा जीनत 10 साल के कठोर कारावास समेत 22 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 11 सितंबर 2017 को शिकायतकर्ता ने थाना उघैती पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी 13 साल की बेटी कक्षा 9 की छात्रा है जो 7 सितंबर 2017 की सुबह 8 बजे वह उघैती के एक स्कूल में पढ़ने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। उन्होंने बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वह बेटी की तलाश करते रहे। गांव के ही दो लोगों ने बताया कि उनकी बेटी को बिसौली के गांव सुजानपुर निवासी गुड्डू पुत्र सुरेश, गांव महानगर निवासी बंटी, खंडुआ निवासी गणेश लेकर गए हैं। उन्होंने उसे ले जाते देखा है। पुलिस ने किशोरी की तलाश की। उसे बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि गुड्डू उसे बहला-फुसलाकर दिल्ली ले गया था, जहां एक कमरे में कई दिनों तक रखकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। फिर छोड़कर चला गया।

# गैर इरादतन हत्या के दोषियों को सात-सात साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या के चार आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तीन के न्यायाधीश ऋषि कुमार ने सात-सात साल की कैद समेत दो-दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा राम रहीस पुत्र बुद्धि सिंह ने फैजगंज बेहटा पुलिस को 19 अप्रैल 2017 के तहरीर देकर बताया था कि एक बजे वह और उनके पिता अपने घर के सामने चबूतरे पर बैठे थे। इसी दौरान गांव निवासी करन सिंह, वीरपाल, ओमवीर व करूं पुत्र करन सिंह, चंद्रकेश पुत्र हरनाम सिंह आए और गाली-गलौज करने लगे। गाली देने का विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी। बुद्धि गंभीर रूप से घायल हो गए। बुद्धि सिंह की इलाज के दौरान 29 अप्रैल 2017 को मौत हो गई थी। न्यायालय ने चारों दोषियों को सजा सुनाई।

# अस्पताल में पर्चा बनवाने को लेकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने को लाइन में लगे मरीज देरी होने पर हंगामा करने लगे, जिसके बाद सुरक्षा गार्डों ने मरीजों को किसी तरह शांत कराया। पर्चा बनाने के नियम बदल जाने के बाद से हर दिन हंगामा देखने को मिल रहा है। आधार कार्ड और मोबाइल नं.न होने पर मरीजों के पर्चे नहीं बनाए जाते हैं जिससे दर्जनों मरीज हर दिन वापस लौटते हैं।

शासन स्तर से जारी निर्देशों के बाद से जिला अस्पताल में अब ऑनलाइन पर्चे बनाए जा रहे हैं। ऑनलाइन पर्चे बनवाने में मरीजों को अपना आधार कार्ड और मोबाइल नंबर देना जरूरी होता है। ऑनलाइन पर्चे बनाने की प्रक्रिया में काफी समय लगता है जिससे मरीजों को परेशानी होती है। मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे सौ से अधिक मरीज पर्चा बनवाने को लाइन में लगे थे। पर्चा देरी से बनने पर मरीज परेशान हो गए और हंगामा करने लगे। मरीजों के हंगामा करने के बाद पर्चा काउंटर भी कुछ देर को बंद कर दिया गया। स्थिति बेकाबू होने पर सुरक्षा गार्डों को बुलाना पड़ा। सुरक्षा गार्डों ने किसी तरह मरीजों को समझा-बुझा कर शांत किया। मरीजों का कहना था कि वह लोग सुबह आठ बजे से लाइन में लगे हैं। यहां पर एक पर्चा बनाने में कम से कम पांच मिनट का समय लगता है इसलिए मरीजों को लाइन में घंटों लगना पड़ रहा है। सिस्टम बदलने से मरीजों को दिक्कत हो रही है।

जिला अस्पताल में इस तरह हर दिन हंगामा देखने को मिलता है। देहात से आने वाले मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है जिससे उन्हे परेशानी होती है। यहां लाइन में लगने के बाद फिर ओपीडी में लाइन में लगता पड़ता है और फिर दवा लेने को घंटो लाइन में लगे रहना होता है। इस समस्या को लेकर मरीजों को कई जगह मुसीबत झेलनी पड़ती है।



हंगामा कर रहे मरीजों को शांत कराते सुरक्षा गार्ड • अमृत विचार

- जिला अस्पताल में पर्चा बनने में देरी पर हुआ हंगामा
- सुबह आठ बजे से लाइन में लग जाते हैं सैकड़ों मरीज

पिछले काफी दिनों से पर्चा बनाने का नियम बदल चुका है। आधार कार्ड और मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। जो मरीज आधार और मोबाइल नंबरनहीं लाते हैं उनके पर्चे नहीं बन रहे हैं। ऑनलाइन पर्चा बनने में देर होती है लेकिन मरीज हंगामा करते हैं। फिर भी पांच सौ से सात सौ पर्चे हर दिन बनाए जाते हैं।
**डा .अमित वार्ष्णेय**- सीएमएस

### हर दिन लौटते हैं दर्जनों मरीज

जो मरीज गांव देहात से पहली बार दवा लेने को पहुंचते हैं उन्हें मोबाइल नबंर ओर आधार कार्ड की अनिवार्यता की जानकारी नहीं होती है। उन मरीजों को वापस लौटा दिया जाता है जबकि अधिकांश मरीजों को नए सिस्टम की जानकारी है इसलिए वह लोग अपने साथ आधार और मोबाइल नंबर लेकर आते हैं। वापस लौटने वाले मरीजों का कहना है कि वह सौ रुपए किराया खर्च कर यहां आए हैं फिर भी उनका पर्चा नहीं बना। सरकारी अस्पतालों में गरीबों को दवा नहीं है। यहां केवल परेशानी झेलनी पड़ती है।

# डीएम कार्यालय पर होगा प्रदर्शन

संवाददाता, उस्मानपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मालपुर ततेरा में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने छुट्टा गौवंश सहित अनेक समस्याओं को लेकर सभा की। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

गांव में लोगों से बात करते हुए ठाकुर धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में छुट्टा गौवंश की बड़ी समस्या है। अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विरोध में आंदोलन किया जाएगा। बरसात से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग, स्मार्ट मीटर का विरोध व गांव में सफाई कर्मचारियों की तैनाती करने की मांग को लेकर बहुत जल्द 10 हजार किसानों के साथ डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने कहा प्रशासन गौशाला बनवाकर छुट्टा गोवंशों को संरक्षित कराए। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष फिरासत अली, इंतजार अली, बंटी सिंह लोधी, वीरेंद्र यादव, मुनेश, श्यौराज सिंह, अमित शर्मा, समसुद्दीन, नूर मोहम्मद, यशपाल सिंह खटीक, मनोज शर्मा समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।



सभा को संबोधित करते ठाकुर धर्मेंद्र सिंह • अमृत विचार

# उर्स के लिए मजिस्ट्रेट नामित

**बदायूं, अमृत विचार:** कस्बा ककराला में 28 व 29 मार्च दो दिवसीय उर्स का आयोजन होगा। जिला प्रशासन ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी है। कार्यक्रम स्थल और आस-पास के क्षेत्रों में अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उप जिलाधिकारी (न्यायिक) राजेश कुमार सिंह को कार्यक्रम स्थल एवं सम्पूर्ण कस्बा व जुलूस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहसीलदार (न्यायिक) सदर सुरेन्द्र कुमार द्वितीय को कार्यक्रम स्थल, तहसीलदार सदर दीपक सिंह को ककराला उसहैत मार्ग के प्रवेश द्वार पर नायब तहसीलदार सदर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अध्यक्ष पद पर अतर सिंह सहित तीन ने किए नामांकन

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रूकुम सिंह यादव, नरेंद्र गोपाल सक्सेना व अतर सिंह शाक्य ने नामांकन पत्र दाखिल किये जबकि महासचिव पद के लिए सोमवीर सिंह यादव, धर्मेंद्र पाठक और चंद्रभान सिंह यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किए। सह सचिव प्रशासन के लिए पिंकी सक्सेना और शिवम कश्यप और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए सत्यभान सिंह यादव और सरफराज अली नावेद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मजाहिर अली, कोषाध्यक्ष के लिए सुशील कुमार सैनी, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए अक्षत सक्सेना, कनिष्क कार्यकारिणी सदस्य के लिए साहिद जमा खां वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए मोहम्मद सवी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कोषाध्यक्ष के लिए सुशील कुमार सैनी व कनिष्क उपाध्यक्ष पद के लिए मजाहिर अली, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए अक्षत सक्सेना, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए साहिद जमा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष कार्यकारिणी के लिए मोहम्मद सवी का निर्विरोध चुना जाना तय है।

# 25 मार्च को डिग्री कॉलेज में लगेगा रोजगार मेला

**बदायूं,अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 25 मार्च को नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास पीजी कॉलेज रोजगार मेला लगेगा। डीएम अवनीश कुमार राय ने बताया कि विशाल रोजगार मेला जिला सेवायोजन कार्यालय व संबंधित संस्थाओं के सहयोग से आयोजित कराया जा रहा है। निजी क्षेत्र की 15 से 20 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करने की संभावना है। मेला में करीब 500 से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने का अनुमान है, जिससे युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

# नई दिल्ली का सफर हुआ आसान, केंद्र से मिली स्वीकृति

- केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने रेल मंत्री से मिलकर बताई थी समस्या और मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बदायूं से दिल्ली तक ट्रेन के संचालन की कई साल पुरानी मुराद अब पूरी होने जा रही है। रेलवे ने ट्रेन के संचालन पर मुहर लगा दी है। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। रेल मंत्री ने बरेली से नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन का विस्तार किये जाने की जानकारी दी। अब यह ट्रेन कासगंज से संचालित की जाएगी।

व्यापारियों से लेकर हर वर्ग कई साल से दिल्ली के लिए ट्रेन के संचालन की मांग करता आया है। जनप्रतिनिधियों की कार्रवाई आश्वासन तक ही सीमित रही थी। लगातार मांग के चलते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने रेल मंत्री से मुलाकात की और समस्या व मांग से अवगत कराया। बदायूं के लोगों के अनुसार ट्रेन के समय को लेकर भी चर्चा की थी। 20 मार्च को केंद्रीय राज्यमंत्री ने ट्रेन अप्रैल के पहले या दूसरे सप्ताह से संचालन की बात कही थी। अब बदायूं से दिल्ली तक ट्रेन संचालन को अंतिम रूप दिया गया है। केंद्रीय राज्यमंत्री के अनुसार बरेली से नई दिल्ली जाने वाली एक्सप्रेस 14315/14316 अब कासगंज, बदायूं होते हुए बरेली और फिर दिल्ली के लिए रवाना होगी। जल्द ही समय सारिणी जारी की जाएगी।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा।

### सांसद आदित्य यादव ने भी लोकसभा में की थी रेल सेवा शुरू करने की मांग

**बदायूं, अमृत विचार :** रेल सेवा को स्वीकृति मिलने पर सांसद आदित्य यादव ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लंबित इस महत्वपूर्ण मांग को उन्होंने लोकसभा में उठाया था। जिस पर रेल मंत्रालय ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए रेल सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। यह रेल सेवा बदायूं ही नहीं बल्कि आस-पास के लाखों लोगों को राहत देगी। उन्होंने बताया कि लोगों को बस या अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ता था। फिर बरेली जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती थी जिसमें समय और रुपये की बर्बादी होती थी। उन्होंने लोकसभा में कहा था कि बदायूं बड़ा जिला है। जहां से रोज लोग शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा और व्यापारिक कार्यों के लिए दिल्ली जाते हैं। सीधी रेल सेवा न होने से असुविधा होती है। उन्होंने सरकार से बदायूं को दिल्ली से जोड़ने के लिए जल्द रेल सेवा शुरू करने की मांग उठाई थी। अब इसका संचालन शुरू होने पर व्यापारी दिल्ली के बाजार तक आसानी से पहुंचेंगे। उच्च शिक्षा संस्थानों तक पहुंच में सुविधा होगी। स्थानीय रोजगार में वृद्धि होगी। यह निर्णय परिवहन ही नहीं बल्कि क्षेत्र में विकास और प्रगति के दरवाजे खोलने वाला है।



लोकसभा में सांसद आदित्य यादव।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय बदायूं और आसपास क्षेत्र के विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। यात्रियों को सीधा और सुगम आवागमन उपलब्ध होगा। साथ ही व्यापार, शिक्षा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

न्यूज ब्रीफ

### बकरा चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** इस्लामनगर पुलिस ने बकरा चोरी का मामला दर्ज किया था। मंगलवार को थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बकरा चोरी करने के आरोपी जिला संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के मोहल्ला हीरापुर निवासी रहीस कुरैशी पुत्र शहजाद को गिरफ्तार किया। उसके पास से बकरा चोरी कर मिले 2250 रुपये बरामद किए। आरोपी पर पहले से गोवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट आदि के मामले दर्ज हैं।

### झोपड़ी में आग लगने से जला हजारों का सामान

**उसहैत, अमृत विचार :** गांव कटरा सहादतगंज में एक झोपड़ी में आग लग गई। आग लगने से उसमें रखा हजारों का सामान जल गया। आग पर पीड़ित परिवार ने ग्रामीणों ने किसी तरह काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुल जल कर राख हो चुका था। गांव निवासी जयसिंह लोनिया कई सालों से खेत पर झोपड़ी डालकर रह रहे थे। उनकी झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग ने पास ही अन्य तीन झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही ग्रामीण उसे बुझाने के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने खेत में लगे पंपसेट चलाकर आग पर काबू पाया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग जब तक शांत हो पाती उससे पूर्व ही झोपडियों में रखा सामान जल चुका था। गांव में आग लगने की सूचना राजस्व विभाग को दी गई है।

### ईद मिलने आए मौलाना को देखकर युवक ने की फायरिंग

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव पड़ौलिया में एक युवक ने उस समय दिन दहाड़े फायरिंग कर दहशत फैला दी जब गांव की मस्जिद में पूर्व में रहे मौलाना अपने परिचितों से ईद मिलने आए थे। युवक का मौलाना से पुराना विवाद चल रहा है। गांव निवासी युवक का पिछले साल मस्जिद के मौलाना बरेली निवासी रफीक से विवाद हो गया था। इसको लेकर गांव में जमकर बवाल हुआ था। मामला थाने तक पहुंचा था। पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। ग्रामीणों के सहयोग से मामला शांत कराया गया था। मौलाना मस्जिद ईद मिलने आए तो आरोप है कि युवक ने उन्हें घेर लिया और गाली दी।

# एचपीसीएल के अधिकारियों ने लिया प्लांट का जायजा

## 12 मार्च को बैठक में हुई थी प्लांट के दो अधिकारियों की हत्या, एचपीसीएल के अधिकारियों ने डीएम और एसएसपी के साथ की सुरक्षा को लेकर चर्चा





प्लांट के गेट पर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी करते अधिकारी। ● अमृत विचार


हत्याकांड के बारे में पता करते अधिकारी।


अधिकारियों के आगमन के समय खुला प्लांट का दरवाजा।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट में उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या के बाद प्लांट बंद चल रहा है। अधिकारी और कर्मचारी डरे हुए हैं। मंगलवार को एचपीसीएल के दिल्ली के अधिकारियों ने डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा के साथ मौका-मुआयना किया। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही प्लांट का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

प्लांट से निकाले गए आउटसोर्सिंग कर्मचारी अजय प्रताप सिंह ने अपने दो साथी धर्मेंद्र यादव और मुनेंद्र विक्रम सिंह के साथ मिलकर 12 मार्च को दिन दहाड़े तीन गोली मारकर दोनों अधिकारियों की हत्या कर दी थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजा था। हत्याकांड से डरे अधिकारी और कर्मचारी प्लांट से वापस अपने घर लौट गए थे। वहीं संस्था ने प्लांट के 85 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को हटा दिया था। कहा गया था कि प्लांट का संचालन दोबारा शुरू होने पर नए सिरे से भर्ती की जाएगी। संचालन को लेकर संशय बना हुआ था। मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी व एचपीसीएल के सुरक्षा सलाहकार केपी रघुवंशी, दिल्ली से आए कार्यकारी निदेशक मोहित धवन के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम डीएम और एसएसपी के साथ प्लांट पर पहुंची। गेट पर दरवाजा खुला और अधिकारी भीतर प्रवेश कर गए। किसी को भीतर जाने की अनुमति नहीं दी गई। एचपीसीएल के अधिकारियों ने प्लांट का मुआयना किया। प्लांट पर मौजूद गैस की उपलब्धता को लेकर बात की। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था जानी। साथ ही घटना के बारे में विस्तार से जानकारी की। लगभग दो घंटे तक प्लांट की स्थिति जानकर अधिकारी दोपहर दो बजे वापस लौट गए।

**दो अन्य अधिकारियों के कलमबंद बयान दर्ज :** हत्याकांड के दौरान बैठक में उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा, लोकेश के अलावा दो अन्य अधिकारी थे। सुधीर गुप्ता के वीआरएस लेने की वजह से लोकेश कार्यभार ग्रहण करने के लिए आए थे। हत्याकांड के बाद वह वापस चले गए थे। विवेचना मजबूत करने के लिए पुलिस ने सोमवार को हत्याकांड की रिपोर्ट दर्ज कराने वाले प्लांट कर्मचारी जीशान अंसारी और लोकेश के बयान दर्ज कराए थे। हत्या के समय मौजूद दो अन्य अधिकारियों के मंगलवार को सीजेएम कोर्ट में कलमबंद बयान दर्ज कराए गए हैं। जिससे वह दवाब में अपने बयान न बदलें और पुलिस की विवेचना मजबूत रहे। मजबूत साक्ष्य के साथ चार्जशीट लगाई जा सके।

### गुटबंदी बंद कराने को एक परिवार के लोग नहीं होंगे भर्ती

सूत्रों के अनुसार एचपीसीएल के अधिकारियों ने आउटसोर्सिंग कर्मचारी उपलब्ध कराने वाली संस्था सोपान एन 3 ई के अधिकारियों से भी बात कर कर्मचारियों के बारे में जानकारी की। बताया जा रहा है कि अधिकारियों ने संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जब भी प्लांट पर नए कर्मचारियों की भर्ती हो तो उसमें एक परिवार के लोगों को भर्ती न किया जाए। इसके अलावा भर्ती करने से पहले कर्मचारियों के संबंधित थाने से चरित्र का सत्यापन जरूर कराएं।

### पुलिस चौकी पर हर समय तैनात हैं पुलिसकर्मी

हत्याकांड के बाद एसएसपी अंकिता शर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के दिन ही प्लांट का जायजा लिया था। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस चौकी खुलवाई थी जिसमें दो उपनिरीक्षक, आठ सिपाही तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पीएसी भी प्लांट पर हर समय तैनात है। बताया जा रहा है कि प्लांट शुरू होने पर सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जाएगी। गेट पर सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ेगी। प्लांट के भीतर प्रवेश प्रक्रिया का तरीका भी बदलेगा। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और ज्यादा बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जाएगी। पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी पास के गांव सैजनी में सक्रिय रहेंगे।

### हत्यारोपी की मां की दुकान पर कम मिला खाद्यान्न

**दातागंज, अमृत विचार :** एचपीसीएल प्लांट में दो अधिकारियों की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह की मां किरन देवी के नाम चल रही राशन कोटे की दुकान को प्रशासन ने निलंबित कर दिया था। हत्या के बाद से मुख्य आरोपी के परिजन फरार हैं। अब राशन की दुकान का संबद्धीकरण पास गांव भगौतीपुर के कोटेदार बाबूराम के नाम कर दिया है लेकिन निलंबित दुकान में दस कुंतल गेहूं, चावल और बाजरा स्टाक से कम मिला। जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र भेजकर इससे अवगत कराया गया है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी की मां पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की तैयारी है।

# राजमार्ग किनारे पलटा सिलेंडर लदा ट्रक, चालक घायल

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव घर के पास सिलेंडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे ट्रक चालक घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चालक सोमवार देर शाम एलपीजी सिलेंडर भरे ट्रक को लेकर उझानी बरेली की ओर जा रहा था। राजमार्ग पर निर्माण कार्य चलने की वजह से दोनों साइड के वाहन एक ही लेन में आ रहे हैं। ट्रक चालक के सामने दूसरे वाहन की तेज रोशनी आई। चालक ने ट्रक को बचाने का प्रयास किया तो एक साइड राजमार्ग किनारे चल गई और ट्रक पलट गया। ट्रक चालक मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मद नगर सुलहरा निवासी राजेश घायल हो गए। राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गईं। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। भगत सिंह चौकी इंचार्ज योगराज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रक के केबिन से चालक का बाहर निकाला और एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। क्रेन से ट्रक सीधा कराया। गैस सिलेंडर भरे होने की वजह से लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने भीड़ को मौके से हटाया।


राजमार्ग स्थित गांव घेर के पास पलटा पड़ा ट्रक। ● अमृत विचार

● **वाहन की तेज रोशनी से चालक ने बचने का किया था प्रयास**

# सदर विधायक ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रदेश में भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की और नवनिर्माण के नौ वर्ष पूरे होने की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। कंपोजिट विद्यालयों के विकास और विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के बारे में बातचीत की और मसाना माता की मढ़ैया और गांव बनकोटा में नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित कराने की मांग की, ताकि निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सके।


मुख्यमंत्री से भेंट करते सदर विधायक

# प्रतिमा खंडित करने पर विरोध



विरोध प्रदर्शन करते जनहित सत्याग्रह मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** काकोरी कांड के महान क्रांतिकारी शहीद पं रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान व ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को खंडित किए जाने पर जनहित सत्याग्रह मोर्चा ने कड़ा विरोध जताया और कलेक्ट्रेट के सामने विरोध-प्रदर्शन किया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा।

वक्ताओं ने कहा कि हमारे देश के महान क्रांतिकारियों के संघर्षों और बलिदानों के कारण ही देश आजाद हो पाया था लेकिन दुखद है कि हमारी इस क्रांतिकारी विरासत को कुत्सित इरादों से मिटाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन आज की फासीवादी ताकतें भूल जाती हैं कि क्रांतिकारियों की विरासत और उनके सपनों को आगे बढ़ाने के लिए देश में लोग मौजूद है। इन महान क्रांतिकारियों की मूर्तियां तोड़ने से उनके विचारों को नहीं मिटाया जा सकता।

जनहित मोर्चा के अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह और कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर योगेश यादव, एस पी सिंह, डा सतीश, विकास, पवन, राकेश सिंह, कृष्ण गोपाल गुप्ता, राजेश जौहरी, वीरेंद्र जाटव , मुफीद खान आदि लोग मौजूद थे।

# ऊसर भूमि को उपजाऊ बनाने की कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भूमि सुधार कार्यक्रम के तहत जनपद में ऊसर भूमि को चिन्हित कर समतलीकरण किया जा रहा है जिससे भूमि उपजाऊ बन सके। साथ ही, किसानों को कम पानी में जमीन की सिंचाई करने को प्रेरित किया जा रहा है। अभी तक दस हेक्टेयर भूमि का समतलीकरण किया गया है।

भूमि संरक्षण विभाग पर ऊसर भूमि को समतलीकरण कर उसे उपजाऊ बनाने की जिम्मेदारी है। इसके लिए शासन स्तर से विभाग को हर साल भूमि सुधार का लक्ष्य भी दिया जाता है। इस साल करीब 43 हेक्टेयर का लक्ष्य दिया गया है जिसके सापेक्ष अब तक दस हेक्टेयर भूमि का समतलीकरण किया जा चुका है। शेष भूमि का भी समतलीकरण किया जाएगा।

भूमि संरक्षण विभाग के सहायक कृषि अधिकारी राजकुमार ने मंगलवार को बताया कि इस साल शासन के जरिये दिया गया लक्ष्य पूरा करने को कवायद शुरू कर दी गई है। कादर चौक क्षेत्र में करीब दस हेक्टेयर भूमि का समतलीकरण किया जा चुका है जबकि कुछ भूमि भी वहां पर समतलीकरण की जाएगी जिसके बाद इस भूमि को उपजाऊ बना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आसफपुर ब्लॉक और दातागंज ब्लॉक क्षेत्रों में भूमि सुधार का काम किया जाएगा जबकि बिसौली क्षेत्र में पिछले दिनों किसानों के बीच इसकी जानकारी भी दी गई थी। साथ ही ठियाबंदी कर कुछ खेतों से मिट्टी के नमूने भी लिए गए थे। मिट्टी की जांच की जाएगी।


खेत की ठियाबंदी करते भूमि संरक्षण अधिकारी। ● अमृत विचार

### बंजर भूमि की मिट्टी की कराएं जांच

भूमि सुधार के तहत बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने को किसानों को जागरूक किया जा रहा है। बंजर भूमि का सर्वे किया जा रहा है। साथ ही किसानों से बंजर भूमि की जानकारी देने को कहा गया है। अगर किसी खेत में फसल नहीं उगती है तो वह बंजर भूमि मानी जाती है। ऐसे खेत की मिट्टी की जांच भी की जाती है जिससे पता चले कि मिट्टी में किन तत्वों की कमी है या फिर कौन से तत्वों की अधिकता है। बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने को तेजी से काम किया जा रहा है।

### कम पानी वाली फसलें उगाने को किया जागरूक

भूमि सुधार के साथ ही किसानों को कम पानी में सिंचाई करने को जागरूक किया जा रहा है। भूमि संरक्षण विभाग इसके लिए गोष्ठियां रैलियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। किसानों को कम पानी वाली फसलें तैयार करने की विधि बताई जा रही है। ऊसर भूमि को निशुल्क समतलीकरण कराने की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, मिट्टी की जांच की जा रही है। दीमक लगने पर किसानों को दवाओं का प्रयोग करने का सुझाव दिया जा रहा है।

# मां काली के रूम में किया महाकाल का भव्य श्रृंगार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य बाजार स्थित शिव शक्ति भवन मंदिर में सोमवार की रात भक्तों ने नवरात्र के उपलक्ष्य में मां काली के स्वरुप में महाकाल का अदभुत श्रृंगार किया। बाबा के दर्शन के लिए यहां देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। इससे पहले यहां भक्तों ने रुद्राभिषेक कर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए। बाबा का श्रृंगार प्रत्येक सोमवार को बदल-बदल कर स्वरूप में किया जाता है। बाद में यहां बाबा की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर समिति के जरिये महाकाल का श्रृंगार करने वाले परिवार के सदस्यों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

इधर नगर के मुख्य बाजार स्थित कुटी मंदिर में भी भक्तों ने माता रानी के स्वरुप में महाकाल का श्रृंगार कर प्रसाद का वितरण किया।


पूजा करते श्रद्धालु ● अमृत विचार

### बिजली विभाग की टीम से विवाद करने के आरोपी पकड़े

**उस्मानपुर, अमृत विचार :** थाना जरीफनगर पुलिस ने बिजली विभाग की टीम से विवाद करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विवाद के बाद बिजली विभाग के अवर अभियंता वीरेंद्र प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी गांव जतकी निवासी आश मोहम्मद, शान मोहम्मद पुत्र सफी मोहम्मद और रशीद पुत्र रज्जाक को पकड़ा।

# पूर्व सभासद को 14 दिन के लिए भेजा जेल

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** जमीन विवाद से आक्रोशित होकर टावर पर चढ़े पूर्व सभासद राजू कोली के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बिसौली के होली चौक निवासी राजू कोली का वजीरगंज क्षेत्र में स्थित एक भूखंड को लेकर वहां के एक पूर्व ब्लॉक प्रमुख से लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि विरोधी पक्ष ने उक्त जमीन पर अपना बोर्ड लगा दिया जिसे हटाने के लिए राजू कोली लगातार अधिकारियों के पास गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। इससे क्षुब्ध होकर वह हाईवे किनारे लगे टॉवर पर चढ़े और विरोध किया था। करीब दस घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे रहे और उन्हें समझाने का प्रयास करते रहे। अधिकारियों के आश्वासन पर वह नीचे उतर आए। बाद में कोतवाली में दोनों पक्षों के बीच लिखित सहमति भी करा दी गई। बताया जा रहा है कि राजू कोली 15 सितंबर 2025 को भी टावर पर चढ़े थे। बार-बार इस प्रकार की हरकत से जन-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के मद्देनजर तहसीलदार विजय शुक्ला के निर्देश पर पुलिस ने उनका शांति भंग में चालान किया।





अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैंने अपनी पुत्री अंजली शर्मा पत्नी आयुष शर्मा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उससे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **नीलम उपाध्याय पत्नी ब्रिजेश निवासी 16 ब्रहमपुरा टायर मण्डी मालीबाड़ा थाना प्रेमनगर जिला बरेली**

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5,6,7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

**किराये हेतु**
नैनीताल रोड घंगोरा रोड, बरेली में 50/65 प्लॉट बैंक हेतु उपलब्ध है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को प्राथमिकता।
संपर्क
8218906442

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील गोला गोकर्णनाथ विकास खण्ड कुम्भी की न्याय पंचायत लन्दनपुर ग्रन्ट की ग्राम पंचायत सुहेला में प्रस्तावित बहु-उद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु द्वितीय बैठक दिनांक 26.03.2026 को आयोजित की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। **रभित कुमार पता-ग्राम सुहेला गोला गोकर्णनाथ जिला लखीमपुर (खीरी) 9161895627**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपने पुत्र अमन उर्फ विक्की को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सूर्यकान्त शर्मा पुत्र श्री सुरेश चन्द्र निवासी ग्राम अमरेख परगना व तहसील फरीदपुर, बरेली।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र महीपाल की दिनांक 22.7.2018 को मृत्यु हो चुकी है। मेरे पुत्र की मृत्यु के बाद से पुत्रवधू अनीता का व्यवहार ठीक नहीं है। वह गलत संगत में पड़ गई है। मुझे जान से मरवाने की धमकी देती है। मैंने उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी। **ओमकार सिंह पुत्र गज्जू सिंह निवासी मोहल्ला जहांगीराबाद तहसील सहसवान जिला बदायूं।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री नगमा नियाजी जो कि शादीशुदा है मैंने अपनी पुत्री को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **नाजमा बी पत्नी मोहम्मद ज़की नियाजी नि. ख्वाजा कुतुब बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि एल.आई.सी. के कागजात में मेरा नाम भूलवश Beenu पत्नी Satish Rishiwal दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम Vina है। भविष्य में मुझे Vina पत्नी Satish के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। बीना पत्नी सतीश निवासी 30, माधोबाड़ी, बरेली, उ.प्र.

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

